SANT KABIR VIDYAPEETH P.G. COLLEGE

Maghar – Sant Kabir Nagar

SYLLABUS

D.El.Ed. (B.T.C.)

Diploma in Elementary Education

Two Year (Four Semesters) Diploma Programme

परीक्षा नियामक प्राधिकारी

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

SANT KABIR VIDYAPEETH P.G. COLLEGE

Maghar – Sant Kabir Nagar

बी0टी0सी0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम

(सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षुओं के लिए)

बेसिक शिक्षा परिषद्
उत्तर प्रदेश

संरक्षक	**श्री नीतीश्वर कुमार,** सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ
परामर्श	**श्री हरेन्द्रवीर सिंह,** निदेशक राज्य परियोजना, उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद्, लखनऊ
मार्गदर्शक / निर्देशक	**श्री सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह,** निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ
समन्वयक	**श्री फैजुर्रहमान,** प्राचार्य, राज्य शिक्षा संस्थान, उ0प्र0, इलाहाबाद
परीक्षणकर्त्ता	**श्री अजय कुमार सिंह,** संयुक्त निदेशक (एस0एस0ए0), राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ, **प्रो0 हेरम्ब चतुर्वेदी,** प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, **डॉ0 धनन्जय यादव,** प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, **श्री आर0एन0 विश्वकर्मा,** सहायक उप निदेशक, राज्य शिक्षा संस्थान, उ0प्र0, इलाहाबाद, **डॉ0 चन्द्रपाल,** सहायक उप शिक्षा निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, लखनऊ, **श्री राम चन्द्रेश्वर दत्त बाजपेयी,** वरिष्ठ प्रवक्ता, डायट, लखनऊ, **श्री अशोक कुमार गुप्ता,** प्रोफेसर राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0प्र0, इलाहाबाद, **श्री उमेश कुमार शुक्ला,** प्राचार्य डायट, बस्ती, **श्री मनोज कुमार अहिरवार,** प्राचार्य, डायट बाँदा, **श्रीमती दीपा तिवारी,** वरिष्ठ प्रवक्ता, डायट, लखनऊ, विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकगण, इलाहाबाद विश्वविद्यालय
लेखक एवं सम्पादकगण	श्रीमती सुषमा यादव, श्रीमती नीलम मिश्रा, श्रीमती मंजुलेश विश्वकर्मा, डॉ0 ममता दूबे, श्रीमती अनुराधा पाण्डेय, श्रीमती मनीषा कुशवाहा, डॉ0 निहारिका कुमार, श्रीमती दीपा मिश्रा, श्रीमती अंशिका यादव, श्री केशव कुमार, श्री रविन्द्र प्रताप सिंह, श्री संजय यादव, श्री अजय कुमार गुप्ता, श्री महेन्द्र कुमार कनौजिया, श्री प्रमोद कुमार सिंह तथा श्री राज सिंह
कम्प्यूटर ले–आउट	श्री मनोज गोयल, श्रीमती अपर्णा चक्रवर्ती, श्री राजेश यादव

भूमिका

उत्तर प्रदेश में प्राथमिक कक्षाओं के लिये सेवापूर्व प्रशिक्षण का दो वर्षीय पाठ्यक्रम (बी0टी0सी0) वर्ष 2005–06 में पुनरीक्षित किया गया था। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा: 2005 के आलोक में कक्षा 1–5 की पाठ्य पुस्तकों का पुनरीक्षण किया गया। शिक्षक–शिक्षा की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा: 2009 जारी की गयी तथा केन्द्र पुरोनिधानित शिक्षक–शिक्षा योजना लागू की गयी है। विगत वर्षो में उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा में सेवापूर्व प्रशिक्षण की सुविधाओं में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इस पृष्ठभूमि में सेवापूर्व प्रशिक्षण की पाठ्यचर्या, विधि और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता अनुभव की गयी है।

शिक्षक समाज को हिस्सा तो हैं ही, वे शिक्षा के माध्यम से बदलाव के कारक भी हैं। विद्यालय और शिक्षक, दोनों ही अपने परिवेश से प्रभाव ग्रहण करते हैं। शिक्षक प्रशिक्षण तथा स्कूली शिक्षा का गहन सम्बन्ध है। ये दोनों ही एक दूसरे को प्रभावित करते है। प्रभावी शिक्षक–प्रशिक्षण स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता को सुनिश्चित करता है। एक शिक्षक शिक्षा के वृहत्तर संदर्भों में कार्य करता है। जैसे–उद्देश्य, पाठ्यक्रम, पाठ्य–सामग्री, विधियां तथा शिक्षक से अपेक्षाएं आदि। शिक्षक–प्रशिक्षण को स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम के साथ जोड़कर देखा जाना आवश्यक है तथा शिक्षक तैयार करने की प्रक्रिया को भी स्कूल शिक्षा की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। शिक्षक केवल शिक्षण–विधियों का ही ज्ञाता नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे अपने स्कूल के बच्चों को, उनके सामाजिक–आर्थिक परिवेश को तथा उसके सीखने की प्रक्रिया के संदर्भों को भी समझना चाहिए।

प्रशिक्षु–शिक्षक के रूप में अत्यन्त प्रतिभाशाली तथा विभिन्न अकादमिक पृष्ठभूमियों से छात्र छात्राएं आते हैं, जैसे प्रबन्धन, इन्जीनियरिंग, कम्प्यूटर, साइंस, वाणिज्य और मानविकी आदि। स्कूली शिक्षा में इस प्रकार की योग्यता, क्षमता तथा कौशल का स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक प्रभाव दृष्टिगत होना चाहिए।

समावेशी शिक्षा, शैक्षिक गुणवत्ता में समानता, समुदाय की भूमिका, सूचना एवं संचार प्रोद्यौगिकी तथा ई–लर्निंग, ओ0डी0एल0 विधि, शोध एवं नवाचार आदि शिक्षा के नये आयामों पर NCFTE-2009 में बल दिया गया है। प्रस्तावित पाठ्यक्रम में इन बिन्दुओं को सम्मिलित किया गया है।

एक ओर जहां शिक्षकों की क्षमता संवर्द्धन के प्रयास सेवारत प्रशिक्षणों के माध्यम से निरन्तर हो रहे हैं, वहीं द्विवर्षीय सेवापूर्व के पाठ्यक्रम में भी बदलाव की महती आवश्यकता महसूस की गयी। शिक्षक को जिस नवीन भूमिका में देखे जाने का प्रयास है, उसके लिए नवीन अनुभवों, नवाचारों तथा शिक्षक प्रशिक्षण में भारत के अन्य राज्यों की विविधता के साथ विश्व के अनुभवों का भी परिदृश्य समाहित होना चाहिए।

एक शिक्षक को जिस 'सुगमकर्ता' के रूप में प्रारम्भिक शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था परिकल्पना करती है, उस शिक्षक को तैयार करने वाले प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षण कक्ष में बदलाव लाना अति आवश्यक है। साथ ही साथ सांस्कृतिक, सामाजिक तथा भाषायी विविधता को भी उनके उचित संदर्भों के साथ स्पष्टता दिये जाने का प्रयास आवश्यक है, जिससे शिक्षक विद्यालयों में मात्र अपनी कक्षा के अन्दर सीमित न रहे, बल्कि वो सारे बाह्य तत्व जो स्कूली शिक्षा को प्रभावित करते है, उन्हें विद्यार्थियों के सीखने तथा समझने के संदर्भ में समझ सकें, तथा एक शिक्षक समाज और विद्यार्थियों की अपेक्षाओं को पूर्ण करने हेतु स्वयं को संवर्द्धित कर सके, तैयार कर सकें। इसी परिप्रेक्ष्य में शिक्षक–प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में संशोधन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी।

नवीन पाठ्यक्रम में शिक्षा तथा शिक्षा शास्त्र के संदर्भों को विस्तृत परिदृश्य में देखे जाने का प्रयास किया गया है, इसी के साथ बाल मनोविज्ञान और सीखने के सिद्धान्तों के साथ–साथ इस अवधारणा को भी सम्पुष्ट करने की कोशिश की गयी है कि बचपन, बच्चों का विकास तथा उनके

सीखने के आयाम क्या–क्या हो सकते हैं। प्रत्येक बच्चा अपनी गति तथा अपने संदर्भों में सीखता है तथा उसी के अनुसार उसका सामाजिक व्यवहार भी नियन्त्रित होता है। यदि शिक्षक को इस वैविध्य के बारे में जानकारी दी जाएगी तो निश्चित रूप से कक्षा–कक्ष की प्रकिया अधिक जीवन्त तथा गतिमय होगी तथा कक्षा के अन्दर पढ़ने–पढ़ाने के अतिरिक्त ''सीखने'' की भी क्रिया स्वतः पैदा होगी।

शिक्षा शास्त्र के सिद्धान्तों के साथ बाल मनोविज्ञान में विशेषतः उन पक्षों पर बल दिया गया है, जहाँ बच्चों के सामाजिक संदर्भों में उनके सीखने की प्रकिया को दिशा मिलती है। शिक्षा एक विषय के रूप में तथा शिक्षा शास्त्र के विभिन्न आयामों यथा– दर्शन, मनोविज्ञान, भाषा आदि के अन्तर्सम्बन्धों को समझने पर बल दिया गया है, जिससे शिक्षक बच्चों के प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष सीखने के सम्बन्धों को समझा सके।

भाषा शिक्षण किसी भी विषय के शिक्षण से अलग होता है चाहे वह हिन्दी हो, उर्दू अथवा संस्कृत अथवा कोई भी अन्य भाषा। उत्तर प्रदेश में मुख्यतः हिन्दी और उर्दू बोलचाल की भाषाएं हैं, यह प्रदेश की संस्कृति का एक अटूट हिस्सा है। अतः इन सभी भाषाओं को सीखने–सिखाने की बारीकियों पर ध्यान दिया गया है। साथ ही हिन्दी, उर्दू, संस्कृत और अंग्रेजी को एक विषय के रूप में भी पाठ्यक्रम में स्थान दिया गया है, ताकि प्रशिक्षु इन भाषाओं के प्रारम्भिक इतिहास तथा विकास से भली भांति परिचित हों।

उत्तर प्रदेश में अंग्रेजी एक विषय तथा भाषा के रूप में कक्षा–1 से पाठ्यक्रम में सम्मिलित है, अतः अंग्रेजी को प्रारम्भ से ही पढ़ाने का कौशल शिक्षकों में विकसित किया जाना आवश्यक है। अधिकांश प्रशिक्षु हिन्दी माध्यम से अपनी शिक्षा पूरी करके आते हैं, उनमें अंग्रेजी विषय तथा व्याकरण की तो पर्याप्त समझ होती है, परन्तु अंग्रेजी में संवाद करना आमतौर पर दुष्कर होता है। पाठ्यक्रम में उच्चारण तथा संवाद आधारित क्रियाओं पर बल दिया गया है, जिससे प्रशिक्षुओं में अंग्रेजी भाषा को समझने तथा उसके शिक्षण करने का पर्याप्त कौशल विकसित किया जा सके।

स्कूली शिक्षण को प्रभावी तथा गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक शिक्षक में नेतृत्व के गुण विकसित किये जायें। प्रभावी नेतृत्व के गुण हैं– उत्तरदायी होना, संवेदनशील होना, और यह भी आवश्यक है कि शिक्षक में साझा दृष्टि विकास हो, उसके समक्ष उद्देश्य हो, तथा समूह में कार्य करने का गुण हो। नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण शिक्षक विद्यालय में सीखने का वातावरण पैदा कर सकता है। वे एक ऐसे सकारात्मक वातावरण का सृजन कर सकते हैं जहाँ बच्चे अपनी क्षमताओं का विकास करने में सफल हो सकें। शिक्षक में शिक्षण कौशल का होना तो आवश्यक है ही, शिक्षक को अपनी कक्षा तथा अपने विद्यालय में ***''रोल मॉडल''*** भी होना है। शिक्षकों की भूमिकाएं चुनौती पूर्ण होने के साथ–साथ विविधिता से भी पूर्ण हैं। वे मात्र **''ज्ञान–प्रदाता''** बनकर नहीं रह सकते। पाठ्यक्रम में **शैक्षिक नेतृत्व तथा प्रबंधन के पहलुओं को भी शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षुओं के शिक्षण कौशल** को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा। उनमें अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्धता की भावना भी विकसित करने की आवश्यकता है।

समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव की नीतियों, पुरूषों के सापेक्ष महिलाओं की कम संख्या, महिलाओं में अशिक्षा की चुनौतियां, महिलाओं तथा बालिकाओं की सामाजिक असुरक्षा आदि मुद्दे लिंग संवेदीकरण के अन्तर्गत शामिल किए गए है। समावेशी शिक्षा के सिद्धान्तों को पाठ्यक्रम में इस उद्देश्य से सम्मिलित किया गया है ताकि प्रशिक्षु इसे कक्षा–कक्ष प्रबन्धन में सार्थक विस्तार दे सके। समावेशी शिक्षा का सम्बन्ध **''विशेष आवश्यकता''** वाले बच्चों तक ही सीमित नहीं है। समावेशी शिक्षा की अवधारणा को विस्तार देने की आवश्यकता है तथा समावेशी अवस्थापना सुविधाओं से लेकर स्कूल तथा कक्षा–कक्ष प्रबन्धन में इसे व्यवहरित किए जाने पर बल दिया जा रहा है। शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रशिक्षुओं में इस मुद्दे के प्रति गम्भीर तथा संवेदनशील रवैया विकसित करने का विशिष्ट उद्देश्य यहां सम्मिलित किया गया है।

SANT KABIR VIDYAPEETH P.G. COLLEGE

Maghar – Sant Kabir Nagar

बच्चे को ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया में शामिल करना तथा उसे इसमें सक्षम बनाना है, इस हेतु विज्ञान शिक्षण करते समय प्रेक्षण, अवलोकन करके सीखने पर बल दिया जाना आवश्यक है। अतः विज्ञान शिक्षण को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु क्रियाकलापों में बच्चों के अनुभव, जिज्ञासाओं पर बल दिया जाना चाहिए। प्रत्येक बच्चा सीख सकता है तथा प्रत्येक बच्चे में क्षमतायें होती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें अवसर उपलब्ध करायें जायें। अतः प्रशिक्षण के दौरान भी प्रोजेक्ट कार्य, प्रयोग और भ्रमण आदि अवश्य करायें जायें।

सामान्य धारणा है कि गणित एक कठिन विषय है, लड़कियां गणित विषय में कमजोर होती हैं या रुचि नहीं लेतीं। परन्तु यदि बच्चों को गणित के विभिन्न प्रत्ययों को इस आशय से बताया जाय कि वह यह जाने कि इसके सीखने से हमें क्या लाभ होगा, हम इसे क्यों सीखें तो उनमें गणित के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। अतः गणित शिक्षण में अमूर्त प्रत्ययों को दैनिक जीवन में उपलब्ध वस्तुओं, दैनिक जीवन/अनुभवों से जोड़ कर पढ़ाया जाय तो जिज्ञासा के साथ साथ सीखने की गति भी बढ़ेगी। अतः गणित शिक्षण इस प्रकार का हो जो, खेल–खेल में अपने परिवेश की चीजों के साथ अन्तःक्रिया करके पढ़ाया जाय।

गणित तथा विज्ञान विषयों में समझ विकसित करने के साथ कक्षा–कक्ष में गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक कियाविधियां उद्धृत की गयी हैं, जिसके निरन्तर अभ्यास से गणित तथा विज्ञान के शिक्षण को रुचिकर बनाया जा सकता है। प्रोजेक्ट तथा मॉडल, शिक्षण सामग्री का निर्माण आदि पर पर्याप्त बल दिया गया है। यह भी प्रयास है कि सेवारत प्रशिक्षणों में शिक्षकों में विज्ञान तथा गणित के लिए विकसित प्रशिक्षण साहित्य का उपयोग सेवापूर्व प्रशिक्षण में किया जाये तथा ***"आओ विज्ञान करके सीखें"*** जैसे मॉड्यूल्स को संदर्भ साहित्य की तरह संलग्न किया गया है, जिससे नवीन तथा अनुभवी दोनों प्रकार के शिक्षकों के मध्य एक कड़ी स्थापित हो सके। इनमें उन्हीं कियाओं को लेने का प्रयास किया गया है, जिसे विभिन्न सेवारत प्रशिक्षणों के माध्यम से कक्षा–कक्ष में पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

इस नवीन पाठ्यक्रम में सामाजिक विज्ञान में भूगोल के अंशों के साथ अर्थशास्त्र से जुड़ी विषयवस्तु यथा सकल उत्पाद, आर्थिक नीतियां, जनसंख्या के सिद्धान्त, बैंकिग तथा पंचवर्षीय योजनाओं में शिक्षा के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता आदि को भी समायोजित किया गया है, ताकि भावी शिक्षक शिक्षा के आर्थिक संदर्भों को भी समझ सकें, तथा शिक्षा, अर्थ तथा विकास के मुद्दों को समन्वित करते हुए समन्वित दृष्टि का विकास कर सकें।

प्रशिक्षु को शिक्षा नीतिं, तथा शिक्षा से जुड़ी नवीन चर्चाओं और मुद्दों से भी जोड़ने की कोशिश की गयी है, जिससे कि वे अपने आप को एक वृहद् परिदृश्य का हिस्सा समझ सकें।

सेवापूर्व प्रशिक्षण में एक महत्वपूर्ण बिन्दु है प्रशिक्षुओं का स्कूल तथा कक्षा–कक्ष से सीधा सम्बन्ध। इस सम्बन्ध को प्रबल करने हेतु स्कूलों से सम्बद्धता में निरन्तरता लाने के निमित्त दो वर्षीय पाठ्यक्रम में किसी एक सेमेस्टर विशेष में **"इन्टर्नशिप"** को सीमित करने के स्थान पर प्रत्येक सेमेस्टर में एक एक माह की **"इन्टर्नशिप"** का प्राविधान किया गया है। सेमेस्टर विशेष में पढ़ाये जा रहे सैद्धान्तिक विषयों तथा संप्रत्ययों पर प्रशिक्षु स्वयं कक्षा–कक्ष में प्रयोग कर सकेंगे। इससे समुदाय, स्कूल तथा छात्रों से उनका जुड़ाव भी बढ़ेगा, और वे स्वयं को **"एक शिक्षक के रूप में"** देख सकने में सक्षम हो सकेंगे। **"इन्टर्नशिप"** की अवधि में विद्यालय के प्रमुख शिक्षक तथा अन्य शिक्षकों की भूमिकाओं को भी स्पष्ट किया गया है। इसी के साथ **"इन्टर्नशिप"** में अनुश्रवण तथा "मेन्टरिंग" को भी सम्मिलित किया गया है। प्रशिक्षु को अपनी जिज्ञासाओं के समाधान के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे, तथा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के संकाय सदस्य भी इस अनुभव का हिस्सा बन सकेंगे।

वर्तमान पाठ्यक्रम में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय सेमेस्टर में प्राथमिक विद्यालयों में, तथा अन्तिम सेमेस्टर में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक एक माह का "इण्टर्नशिप" प्रस्तावित है। इससे प्रशिक्षु का

स्कूल से जुड़ाव मजबूत होगा, तथा उन्हें स्कूल की चुनौतियों बारे में संस्थान में चर्चा करने तथा समाधान ढूंढने का अवसर प्राप्त होगा।

इस पाठ्यक्रम में रचनावाद (Constructivism) की अवधारणा को समस्त विषयों तथा क्रियाविधियों द्वारा प्रशिक्षुओं को परिचित कराने के अवसर दिए गए है। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षुओं को सभी सैद्धान्तिक विषयों में प्रोजेक्ट विधि, समूह में कार्य करने, नवाचार तथा स्वयं के अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं के उपयोग के लिए इस पाठ्यक्रम–दस्तावेज में संदर्भ–पुस्तकों की सूची भी संलग्न की गयी है।

राज्य शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद द्वारा इस पाठ्यक्रम–दस्तावेज को विकसित करने में विस्तृत प्रक्रिया अपनायी गयी। शिक्षा तथा शिक्षक–प्रशिक्षण से जुड़े संस्थानों, एन0सी0ई0आर0टी0, विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त किया गया। अनेक कार्यशालाओं में विचार विमर्श के उपरान्त इसे अंतिम स्वरूप प्रदान किया गया। विश्वास है कि यह पाठ्यक्रम–दस्तावेज प्रारंभिक शिक्षा के लिए शिक्षकों को तैयार करने में उपयोगी सिद्ध होगा।

(सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह)
निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

SANT KABIR VIDYAPEETH P.G. COLLEGE

Maghar – Sant Kabir Nagar

प्राक्कथन

शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम होने के साथ–साथ राष्ट्र व विश्व के आर्थिक विकास की धुरी भी है। बच्चे राष्ट्र के निर्माण के प्रमुख आधार तत्व हैं और उनको परिवार, समाज व राष्ट्र का एक जिम्मेदार नागरिक बनाने वाला शिक्षक इसका महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षक जितना ही अधिक क्रियाशील, प्रभावपूर्ण, साधन सम्पन्न, प्रतिबद्ध व दक्ष होगा, शिक्षा उतनी ही प्रभावी व उपयोगी होगी।

प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु सर्वप्रथम शिक्षकों का नवीन ज्ञान, कौशलों, दक्षताओं, शिक्षण विधाओं, तकनीकों, अनुसंधान व नवाचारों के ज्ञान व व्यावहारिक प्रयोग में पारंगत होना आवश्यक है। ज्ञान की विविध शाखाओं में निरन्तर विकास के फलस्वरूप निश्चित अन्तराल पर विभिन्न स्तरों की शिक्षा के पाठ्यक्रमों का पुनरीक्षण परिवर्तित समय की आवश्यकता है। इसी परिपेक्ष्य में प्रदेश में संचालित सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम बी0टी0सी0 को समयानुकूल, उपयोगी, परिणामोन्मुखी व प्रासंगिक बनाने हेतु पाठ्यक्रम की राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा व्यापक व गहन समीक्षा की गयी। राज्य शिक्षा संस्थान तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 में आयोजित कार्यशालाओं में प्रदेश भर से आमन्त्रित शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न विशेषज्ञों की सहायता से पूर्व संचालित पाठ्यक्रम की समीक्षोपरान्त परिमार्जन व परिवर्द्धन हेतु सुझाव प्राप्त करके आर0टी0ई0 2009, एन0सी0एफ0 2005 एवं एन0सी0एफ0टी0ई0 2009, एन0सी0ई0आर0टी0, नई दिल्ली, यूनीसेफ के मार्गदर्शक सिद्धान्तों व मन्तव्यों को दृष्टिगत रखते हुए पाठ्यक्रम को आवश्यकतानुसार परिवर्तित करते हुए अधिक उपयोगी व व्यावहारिक बनाया गया है। विशेष रूप से प्रशिक्षण के नियमों, चारों सेमेस्टर में सैद्धान्तिक व विद्यालयीय विषयों, सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य, इण्टर्नशिप, पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों की योजना से सम्बन्धित आवश्यक संशोधन किये गये हैं।

निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 आदरणीय सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह द्वारा पाठ्यक्रम विकास के सम्बन्ध में ली गई विशिष्ट रूचि एवं देश प्रदेश के विद्वानों से मौखिक तथा लिखित सुझाव प्राप्त कर समय–समय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिसके लिए राज्य शिक्षा संस्थान, उ0प्र0, इलाहाबाद कृतज्ञता ज्ञापित करता है। पाठ्यक्रम के विकास में विशिष्ट संस्थानों के विशेषज्ञों, डायट प्राचार्यों, विषय–विशेषज्ञों, निजी बी0टी0सी0 संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रदत्त सराहनीय सहयोग के प्रति भी मैं आभारी हूँ। इसके साथ–साथ राज्य शिक्षा संस्थान के सभी संकाय सदस्यों के मौलिक एवं आधारभूत कार्य तथा परिश्रम को भी स्वीकार किया जाना आवश्यक समझता हूँ।

अन्त में राज्य परियोजना निदेशक, उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद, लखनऊ श्रीमती अमृता सोनी एवं श्री हरेन्द्र वीर सिंह द्वारा समय–समय पर दिये गये मार्गदर्शन एवं संरक्षण के प्रति मैं विशेष रूप से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

(फैजुर्रहमान)
प्राचार्य
राज्य शिक्षा संस्थान, उ0प्र0,
इलाहाबाद।

SANT KABIR VIDYAPEETH P.G. COLLEGE

Maghar – Sant Kabir Nagar

विषय सूची

क्र0सं0	विषय शीर्षक	पृष्ठ संख्या
1	पाठ्यक्रम : परिचय	2–4
3	सेमेस्टरवार कलांश विभाजन	5–8
	सैद्धान्तिक विषय	
4	बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम सेमेस्टर)	9–11
5	शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम सेमेस्टर)	12–15
6	वर्तमान भारतीय वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (द्वितीय सेमेस्टर)	16–18
7	प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास–उद्देश्य एवं विषय वस्तु(द्वितीय सेमेस्टर)	19–21
8	शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार–उद्देश्य एवं विषय वस्तु_(तृतीय सेमेस्टर)	22–25
9	समावेशी शिक्षा–उद्देश्य एवं विषय वस्तु(तृतीय सेमेस्टर)	26–27
10	आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन–लेखन क्षमता का विकास–उद्देश्य एवं विषय वस्तु(चतुर्थ सेमेस्टर)	28–29
11	शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशासन–उद्देश्य एवं विषय वस्तु(चतुर्थ सेमेस्टर)	30–33
	सामान्य विषय	
12	विज्ञान–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	34–41
13	गणित–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	42–49
14	सामाजिक अध्ययन–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	50–58
15	हिन्दी–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	59–63
16	संस्कृत–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम एवं तृतीय चतुर्थ समेस्टर)	64–66
17	ऊर्दू–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम एवं तृतीय चतुर्थ समेस्टर)	67–69
18	अंग्रेजी–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (द्वितीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	70–73
19	कम्प्यूटर शिक्षा–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम एवं तृतीय समेस्टर)	74–80
20	समाजोपयोगी उत्पादक कार्य–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (द्वितीय समेस्टर)	81–84
21	शांति शिक्षा एवं सतत् विकास–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (चतुर्थ सेमेस्टर)	85–87
22	कला–उद्देश्य, एवं विषय वस्तु (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	88–89
23	शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य शिक्षा–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	90–92
24	संगीत–उद्देश्य एवं विषय वस्तु (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर)	93–94
25	इण्टर्नशिप कार्य एवं अंक प्रदान करने हेतु मार्गदर्शक प्रपत्र	95–97
26	प्रशिक्षण के नियम (परिशिष्ट–1)	98–105
27	संदर्भिका: (परिशिष्ट–2)	106–123

1. परिचय

बी0टी0सी0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) रूपरेखा

वर्तमान शैक्षिक आवश्यकताओं, अपेक्षाओं, बाल–मनोविज्ञान तथा बच्चों के सीखने–लिखने की प्रक्रिया एवं बालगत मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए प्रारम्भिक शिक्षा के शैक्षिक गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु नवीन शिक्षण–विधियों, तकनीकों, शैक्षिक–नवाचारों एवं समसामयिक विषयवस्तु को द्विवर्षीय बी0टी0सी0 पाठ्यक्रम में समाविष्ट किया गया है।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

बी0टी0सी0 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम को चार सेमेस्टर में विभाजित किया गया है। प्रथम वर्ष में दो सेमेस्टर तथा द्वितीय वर्ष में दो सेमेस्टर होंगे। प्रत्येक सेमेस्टर 6 माह (न्यूनतम 120 शैक्षिक दिवस एवं 10 परीक्षा दिवसों) का होगा।

सेमेस्टरवार विषय विभाजन सारिणी : प्रत्येक सेमेस्टर के अन्तर्गत दो सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र व विभिन्न विषयगत प्रश्नपत्र एवं एक माह का इण्टर्नशिप समाहित किया गया है। जिनका विवरण निम्नवत् है:–

प्रथम सेमेस्टर	द्वितीय सेमेस्टर	तृतीय सेमेस्टर	चतुर्थ सेमेस्टर
सैद्धान्तिक विषय			
बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया(edu 01)	वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा (edu 03)	शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार (edu 05)	आरम्भिक स्तर पर भाषा के पठन/लेखन एवं गणितीय क्षमता का विकास (edu 07)
शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त (edu 02)	प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास (edu 04)	समावेशी शिक्षा (edu 06)	शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशासन (edu 08)
सामान्य विषय			
विज्ञान	विज्ञान	विज्ञान	विज्ञान
गणित	गणित	गणित	गणित
सामाजिक अध्ययन	सामाजिक अध्ययन	सामाजिक अध्ययन	सामाजिक अध्ययन
हिन्दी	हिन्दी	हिन्दी	हिन्दी
संस्कृत/उर्दू	अंग्रेजी	संस्कृत/उर्दू	अंग्रेजी
कम्प्यूटर शिक्षा	समाजोपयोगी उत्पादक कार्य	कम्प्यूटर शिक्षा	शांति शिक्षा एवं सतत विकास
कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)	कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)	कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)	कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)
इण्टर्नशिप	इण्टर्नशिप	इण्टर्नशिप	इण्टर्नशिप

कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य में से किसी एक विषय का चयन प्रशिक्षु द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में किया जाएगा, जिसका मूल्यांकन विषयाध्यापक द्वारा ही किया जाएगा, इसी प्रकार

समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (एस0यू0पी0डब्लू0) विषय का भी मूल्यांकन मात्र विषय अध्यापक द्वारा ही किया जाएगा। इन विषयों की लिखित/वाह्य परीक्षा नही होगी।

बी0टी0सी0 द्विवर्षीय प्रशिक्षण हेतु पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों की योजना

प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में संज्ञानात्मक पक्ष के साथ–साथ संज्ञान सहगामी पक्ष का महत्वपूर्ण स्थान है। पाठ्यक्रम में निहित विषयों के द्वारा जहाँ ज्ञानात्मक योग्यता का विकास होता है वहीं पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों के द्वारा उनके शारीरिक, सामाजिक, भावात्मक तथा कौशलात्मक पक्ष का विकास होता है। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए बी0टी0सी0 प्रशिक्षण में भी इन क्रियाकलापों को समाविष्ट करने की आवश्यकता है ताकि प्रत्येक प्रशिक्षु इनमें भाग लेकर इन गतिविधियों में कुशलता प्राप्त करके विद्यालयों में प्रभावी व नियोजित तरीके से इनका आयोजन करा सके व बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे सकें।

प्रशिक्षण की सम्पूर्ण अवधि में प्रत्येक सेमेस्टर में निम्नलिखित पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों का आयोजन नियमित रूप से समय–समय पर अनिवार्य रूप से कराया जाए–

1. राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय पर्वों/दिवसों का आयोजन

- गणतंत्र दिवस– 26 जनवरी, स्वतंत्रता दिवस– 15 अगस्त, गाँधी जयन्ती– 2 अक्टूबर
- विश्व पर्यावरण दिवस– 5 जून, शिक्षक दिवस– 5 सितम्बर, मानवाधिकार दिवस– 10 दिसम्बर

2. खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन– राज्य स्तर, मण्डल स्तर तथा जनपद स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का तथा सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संध्या का आयोजन।

- कबड्डी, खो–खो, बैडमिण्टन, बॉलीवाल, कैरम, शतरंज
- विभिन्न प्रकार की दौड़, लम्बी कूद
- भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक

3. साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

- निबन्ध लेखन, सुलेख, प्रश्नमंच, वर्तमान के शैक्षिक मुद्दों/समस्या परिचर्चा/वाद–विवाद
- आशुभाषण/आशुलेखन
- काव्यगोष्ठी
- अन्त्याक्षरी (कविता, दोहे, चौपाई, छन्द आदि पर) आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
- कविता/कहानी लेखन (स्वरचित), स्लोगन लेखन

4. सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

- गायन प्रतियोगिता–देशगीत, समूह गीत, भजन, लोकगीत, क्षेत्रीय भाषाओं के गीत, गज़ल, कव्वाली।
- नृत्य प्रतियोगिता–एकल नृत्य, समूह नृत्य
- वादन प्रतियोगिता–तबला, बांसुरी, सितार, गिटार, ढोलक
- अभिनय प्रतियोगिता–नाटक, एकांकी, मूक अभिनय

5. कलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन

- मेंहदी प्रतियोगिता, पुष्प सज्जा, रंगोली एवं अल्पना प्रतियोगिता।
- पेन्टिंग, पोस्टर/कोलाज निर्माण, आडियो/वीडियो क्लिप।
- अनुपयोगी वस्तुओं से कलात्मक व उपयोगी वस्तुओं का निर्माण।

- कढ़ाई/बुनाई प्रतियोगिता, कलमदान, फूलदान, फोटोफ्रेम बनाना व साज–सज्जा।
- मिट्टी/पी0ओ0पी0 के खिलौने का निर्माण।

6. संस्थान परिसर, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वृक्षारोपण तथा परिसर का सुन्दरीकरण।
7. टी0एल0एम0 मेले का आयोजन/विज्ञान–क्लब/पर्यावरण क्लब निर्माण व विज्ञान मेले का आयोजन।
8. आई0सी0टी0 आधारित कक्षा–शिक्षण प्रतियोगिता।
8. स्काउट/गाइड शिविर का आयोजन।
9. शैक्षिक भ्रमण का आयोजन।

सेमेस्टरवार एवं विषयवार कालांश विभाजन

प्रथम सेमेस्टर

क्रम संख्या	विषय	दिनों की संख्या	कालांश (न्यूनतम)	समूह चर्चा/प्रोजेक्ट कालांश (न्यूनतम)
1	विज्ञान	–	50	30
2	गणित	–	50	30
3	सामाजिक अध्ययन	–	75	30
4	हिन्दी	–	45	15
5	संस्कृत/उर्दू	–	45	15
6	कम्प्यूटर शिक्षा	–	60	30
7	कला, संगीत, शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य	–	15	30
8	बाल विकास एवं सीखने की प्रकिया	–	75	15
9	शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त	–	75	15
10	कक्षा शिक्षण/इंटर्नशिप	30	–	–
11	परीक्षा	10	–	–
			योग–490	योग–210

द्वितीय सेमेस्टर

क्रम संख्या	विषय	दिनों की संख्या	कालांश (न्यूनतम)	समूह चर्चा/प्रोजेक्ट कालांश (न्यूनतम)
1	विज्ञान	–	50	30
2	गणित	–	50	30
3	सामाजिक अध्ययन	–	75	30
4	हिन्दी	–	45	15
5	अंग्रेजी	–	60	30
6	समाजोपयोगी उत्पादक कार्य	–	45	15
7	शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य/कला एवं संगीत	–	15	–
8	वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा	–	75	15
9	प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास	–	75	15
10	कक्षा शिक्षण/इण्टर्नशिप	30	–	–
11	परीक्षा	10		
	योग		**योग–490**	**योग–210**

तृतीय सेमेस्टर

क्रम संख्या	विषय	दिनों की संख्या	कालांश (न्यूनतम)	समूह चर्चा/प्रोजेक्ट कालांश (न्यूनतम)
1	विज्ञान	–	50	30
2	गणित	–	50	30
3	सामाजिक अध्ययन	–	75	30
4	हिन्दी	–	45	15
5	संस्कृत/उर्दू	–	45	15
6	कम्प्यूटर शिक्षा	–	60	30
7	शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य/कला एवं संगीत	–	15	30
8	शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार	–	75	15
9	विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा निर्देशन, परामर्श (समावेशी शिक्षा)	–	75	15
10	कक्षा शिक्षण/इण्टर्नशिप	30	–	–
11	परीक्षा	10	–	–
			योग–490	**योग–210**

चतुर्थ सेमेस्टर

क्रम संख्या	विषय	दिनों की संख्या	कालांश (न्यूनतम)	समूह चर्चा/प्रोजेक्ट कालांश (न्यूनतम)
1	विज्ञान	–	50	30
2	गणित	–	50	30
3	सामाजिक अध्ययन	–	75	30
4	हिन्दी	–	45	15
5	अंग्रेजी	–	60	30
6	शांति शिक्षा एवं सतत् विकास	–	45	15
7	शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य/कला एवं संगीत	–	15	–
8	आरम्भिक स्तर पर भाषा के पठन/लेखन एवं गणितीय क्षमता का विकास	–	75	15
9	शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशासन	–	75	15
10	कक्षा शिक्षण/इन्टर्नशिप	30	–	–
11	परीक्षा	10		
			योग–490	**योग–210**

बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया

उद्देश्य

- बाल विकास की अवस्थाओं एवं विभिन्न संकल्पनाओं, सिद्धान्तों से परिचित कराना।
- बाल विकास के प्रमुख पहलुओं (षारीरिक, मानसिक एवं संवेगात्मक) तथा उसको प्रभावित करने वाले कारकों की जानकारी प्रदान करना।
- बच्चों की विकासात्मक व व्यवहारगत कठिनाइयों/समस्याओं की पहचान एवं निराकरण करने की तकनीक से अवगत कराना।
- विविध मनोवैज्ञानिक परीक्षणों से परिचित होकर, उनके प्रयोग से बच्चों की क्षमताओं का आंकलन एवं संवर्द्धन करने में सक्षम बनाना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–1

सैद्धान्तिक विषय–edu 01

बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया

कक्षा षिक्षण: विषयवस्तु

1. बाल विकास

- बाल विकास का अर्थ, आवष्यकता तथा क्षेत्र।
- बाल विकास की अवस्थाएं (षैषवावस्था, बाल्यावस्था, किषोरावस्था) एवं इनके अन्तर्गत होने वाले विकास –
  - शारीरिक विकास
  - मानसिक विकास, बुद्धि, बुद्धिलब्धि (आई0क्यू0), बुद्धि परीक्षण
  - संवेगात्मक विकास, संज्ञानात्मक विकास (पियाजे का सिद्धान्त)
  - सामाजिक विकास
  - भाषा विकास–अभिव्यक्ति क्षमता का विकास
  - सृजनात्मकता एवं सृजनात्मक क्षमता का विकास
  - व्यक्तित्व का विकास–अर्थ, प्रकार (अन्तर्मुखी, बहिर्मुखी, उभयमुखी)।
  - व्यक्तित्व परीक्षण के तरीके एवं समायोजन के उपाय
  - वैयक्तिक भिन्नता– अर्थ, कारक एवं महत्व
  - कल्पना, चिन्तन और तर्क का विकास
- बाल विकास के आधार एवं उनको प्रभावित करने वाले कारक
  - वंषानुक्रम
  - वातावरण (पारिवारिक, सामाजिक, विद्यालयी, संचार माध्यम)

2. अधिगम (सीखना) का अर्थ तथा सिद्धान्त

- अधिगम (सीखना) का अर्थ, अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक–बालक का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, परिपक्वता, सीखने की इच्छा, प्रेरणा, विषय सामग्री का स्वरूप, वातावरण, शारीरिक एवं मानसिक थकान।
- अधिगम की प्रभावषाली विधियाँ–करके सीखना, अनुकरण द्वारा सीखना, निरीक्षण करके सीखना, परीक्षण करके सीखना, सामूहिक विधियों द्वारा सीखना, सम्मेलन व विचार गोष्ठी विधि, प्रोजेक्ट विधि, समूह अधिगम।
- अधिगम के नियम–थार्नडाइक के सीखने के मुख्य एवं गौण नियम तथा सीखने–सिखाने में इनका महत्व
- अधिगम के प्रमुख सिद्धान्त तथा कक्षा शिक्षण में इनकी व्यवहारिक उपयोगिता
  - थार्नडाइक का प्रयास एवं त्रुटि का सिद्धान्त
  - पैवलव का सम्बद्ध प्रतिक्रिया का सिद्धान्त
  - स्किनर का क्रिया प्रसूत अधिगम सिद्धान्त
  - कोहलर का सूझ या अन्तर्दृष्टि का सिद्धान्त
  - प्याजे का सिद्धान्त
  - व्योगास्की का सिद्धान्त

- ब्रूनर का सिद्धान्त
- सीखने का वक्र–अर्थ एवं प्रकार, सीखने में पठार–अर्थ और कारण, निराकरण।
- सीखने का स्थानान्तरण–अर्थ, प्रकार, सिद्धान्त एवं सीखने–सिखाने में स्थानान्तरण का महत्व।

- **अभिप्रेरण**– अर्थ, प्रकार एवं महत्व
  - अभिप्रेरण की विधियाँ– रुचि, सफलता, प्रतिद्वन्दिता, सामूहिक कार्य, प्रषंसा, पुरस्कार, ध्यान, खेल, सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता, कक्षा का वातावरण।
  - सीखने–सिखाने के सन्दर्भ में तथा विद्यालयीय व्यवस्था के सन्दर्भ में समुदाय के सक्रिय सदस्यों, ग्राम शिक्षा समितियों/विद्यालय प्रबन्ध समिति तथा अन्य प्रकार की विद्यालयीय समितियों के सदस्यों का अभिप्रेरण
- **ध्यान**–अर्थ, प्रकार, ध्यान को प्रभावित करने वाले कारक एवं बच्चों का ध्यान केन्द्रित करने के उपाय
  - रुचि–अर्थ, प्रकार तथा बच्चों की रुचि का परीक्षण व उनमें रुचि उत्पन्न करने की विधियाँ, अधिगम में रुचि का महत्व, ध्यान एवं रुचि का सम्बन्ध
- **स्मृति**– अर्थ, प्रकार तथा अच्छी स्मृति के प्रभावी कारक
  - विस्मरण का अर्थ, कारण एवं महत्व
- **सांख्यिकी**–अर्थ, महत्व एवं आंकड़ों का रेखाचित्रीय निरूपण
  - माध्य, माध्यिका एवं बहुलक

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- कक्षा– शिक्षण में बच्चों का ध्यान केन्द्रित करने हेतु मानसिक अभ्यास/गतिविधियों का निर्माण।
- कक्षा में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने वाली गतिविधियों का निर्माण।
- बच्चों की मौलिक व भावात्मक अभिव्यक्ति व भाषा विकास हेतु गतिविधियाँ तैयार कराना। जैसे–स्वानुभव व चित्रों के माध्यम से मौखिक अभिव्यक्ति
- कल्पना एवं चिन्तन के माध्यम से कहानी, कविताओं, चित्रों, पहेलियों आदि का निर्माण कराना।
- तार्किक क्षमता के विकास हेतु अभ्यास कार्यों एवं खेलो का विकास।
- बच्चों की आयु, वजन, लम्बाई आदि के मध्य अन्तः सम्बन्धों को टेबल/चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत कराकर विश्लेषण तथा निरूपण कराना।
- किसी कक्षा की मासिक परीक्षा के किसी विषय में प्राप्तांको का सांख्यिकीय विश्लेषण तथा निरूपण कराना।
- बच्चों में विश्लेषण, तर्क, अधिगम एवं कल्पना की क्षमता विकास के लिए आई0सी0टी0 पर आधारित मॉडल/ गतिविधियाँ तैयार करना।

शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त

उद्देश्य

- प्रभावी षिक्षण के विकास हेतु षिक्षण सिद्धान्तों एवं षिक्षण प्रविधियों से अवगत कराना।
- षिक्षण अधिगम सामग्री की आवष्यकता, निर्माण, प्रयोग एवं रखरखाव के सम्बन्ध में जानकारी देना।
- षिक्षण की नवीन विधाओं से परिचित कराना तथा प्रशिक्षुओं को नवीन अधिगम विधियों का अनुप्रयोग सिखाना।
- कक्षावार बच्चों को अपेक्षित अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति कराने हेतु विभिन्न चरणों की जानकारी देना तथा उनको प्रशिक्षित कराना।
- बच्चों में जीवन कौशल विकसित करने हेतु विद्यालय, समुदाय, अभिभावक एवं समाज की भूमिका से परचित कराना।
- विभिन्न प्रकार की शिक्षण विधाओं के बच्चों पर प्रभाव, का मूल्यांकन करने में प्रशिक्षु को दक्ष करना।
- विभिन्न प्रकार की शिक्षण प्रविधियों से शिक्षक को बच्चों की रुचि उत्पन्न करने का प्रशिक्षण देना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–1

सामान्य विषय–edu 02

शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त

कक्षा शिक्षण: विषयवस्तु

1. शिक्षण का अर्थ तथा उद्देश्य

- सम्प्रेषण
  - सम्प्रेषण का अर्थ
  - आवश्यकता एवं महत्व
  - सम्प्रेषण के घटक/कारक
  - सम्प्रेषण के प्रकार
  - प्रभावी सम्प्रेषण के तरीके
- शिक्षण के सिद्धान्त
  - करके सीखने का सिद्धान्त
  - प्रेरणा का सिद्धान्त
  - रुचि का सिद्धान्त
  - निश्चित उद्देश्य का सिद्धान्त
  - नियोजन का सिद्धान्त
  - चयन का सिद्धान्त
  - वैयक्तिक भिन्नताओं का सिद्धान्त
  - लोकतन्त्रीय व्यवहार का सिद्धान्त
  - जीवन से सम्बन्ध स्थापित करने का सिद्धान्त
  - आवृत्ति का सिद्धान्त
  - निर्माण एवं मनोरंजन का सिद्धान्त
  - विभाजन का सिद्धान्त (लघु सोपानों का)
- शिक्षण के सूत्र
  - सरल से जटिल की ओर
  - ज्ञात से अज्ञात की ओर
  - स्थूल से सूक्ष्म की ओर
  - पूर्ण से अंष की ओर
  - अनिश्चित से निश्चित की ओर
  - प्रत्यक्ष से अप्रत्यक्ष की ओर
  - विशिष्ट से सामान्य की ओर
  - विश्लेषण से संश्लेषण की ओर
  - मनोवैज्ञानिक से तर्कसंगत की ओर
  - अनुभव से युक्तियुक्त (तर्कपूर्ण) की ओर
  - प्रकृति का अनुसरण
- शिक्षण प्रविधियाँ
  - प्रश्नोत्तर प्रविधि
  - विवरण प्रविधि
  - वर्णन प्रविधि
  - व्याख्यान प्रविधि
  - स्पष्टीकरण प्रविधि

- कहानी कथन प्रविधि
- निरीक्षण एवं अवलोकन प्रविधि
- उदाहरण प्रविधि
- खेल / गतिविधि प्रविधि
- समूह चर्चा प्रविधि
- प्रयोगात्मक कार्य प्रविधि
- वाद–विवाद प्रविधि
- कार्यषाला प्रविधि
- भ्रमण प्रविधि

- षिक्षण की नवीन विधाएँ (उपागम)
  - बालकेन्द्रित षिक्षण
  - क्रिया / गतिविधि आधारित षिक्षण
  - रूचिपूर्ण / आनन्ददायी षिक्षण
  - सहभागी षिक्षण
  - दक्षता आधारित षिक्षण
  - उपचारात्मक षिक्षण
  - बहुकक्षा / बहुस्तरीय षिक्षण
- सूक्ष्य शिक्षण एवं षिक्षण के आधारभूत कौषल
  - सूक्ष्य शिक्षण का अर्थ, आवश्यकता एवं महत्व एवं प्रकार
  - षिक्षण कौषल – अर्थ
  - पाठ प्रस्तावना कौशल
  - उद्देश्य कथन कौशल
  - प्रश्न कौशल
  - व्याख्यान कौशल
  - सोदाहरण स्पष्टीकरण या दृष्टान्त कौशल
  - छात्र सहभागिता कौशल
  - उद्दीपन परिवर्तन कौशल
  - पुनर्बलन कौशल
  - श्यामपट्ट लेखन कौशल
  - पुनरावृत्ति कौशल
  - षिक्षण में एक से अधिक कौषलों एवं गतिविधियों का समावेष।
- अपेक्षित अधिगम स्तर
  - संकल्पना
  - अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति में अधिगम अनुभवों का संयोजन।
  - अपेक्षित अधिगम प्रतिफल का अधिगम के पुनर्बलन में महत्व।
- षिक्षण अधिगम सामग्री
  - अर्थ
  - आवष्यकता एवं महत्व
  - षिक्षण अधिगम सामग्री के प्रकार / वर्गीकरण
  - उत्तम षिक्षण अधिगम सामग्री की विषेषताएं

- शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रकार
  - इन्द्रिय जनित अधिगम कराने हेतु विभिन्न पदार्थ/वस्तुयें/कियायें यथा–स्पर्श, सूंघना, चखना।
  - दृष्य सामग्री
    - प्रशिक्षु एवं बच्चों द्वारा निर्मित सामग्री, बाजार से क्रय सामग्री
    - विभाग द्वारा प्रदत्त सामग्री यथा – ऑपरेषन ब्लैकबोर्ड किट, गणित किट, विज्ञान किट, पाठ्यपुस्तकें, प्रषिक्षण साहित्य, अनुपूरक अध्ययन सामग्री, षिक्षक सन्दर्षिका आदि,
    - प्रकृति से प्राप्त वस्तुएँ–जड़ें, बीज, सींके, पत्तियाँ, टहनियाँ, बालू, कंकण, पत्थर इत्यादि।
  - श्रव्य सामग्री–टेप रिकार्डर, ऑडियो/सी0डी0/कैसेट प्लेयर, रेडियो आदि ।
  - दृष्य एवं श्रव्य सामग्री–कम्प्यूटर, टेलीविजन, डी0वी0डी0, वीडियो सी0डी0।
- उत्तम षिक्षण अधिगम सामग्री की विषेषताएं
  - बिना लागत के प्राप्त
  - अल्प लागत
  - बहुउद्देष्यीय सामग्री यथा–एक से अधिक कक्षाओं में प्रयोग, एक से अधिक विषयों में प्रयोग, एक से अधिक पाठों/प्रकरणों में प्रयोग, विषयवार पाठ्यवस्तु के अनुरूप, शैक्षिक उपयोगिता।
  - बच्चों की रूचि, आयु एवं मानसिक स्तर के अनुरूप
  - कक्षा व्यवस्था के अनुरूप सामग्री का आकार–प्रकार।
  - शिक्षण में आसानी से प्रयोग करने योग्य।
- षिक्षण अधिगम सामग्री के निर्माण, प्रयोग तथा रखरखाव में सावधानियाँ।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- कक्षा के बच्चों को छोटे–छोटे समूहों में विभक्त कर गाँव/मुहल्ले के स्कूल जाने वाले तथा न जाने वाले 6 वर्ष से ऊपर के बच्चों की सूचना का एकत्रीकरण एवं अनुपात ज्ञात कर सूची का निर्माण करें।
- प्रशिक्षु प्रत्येक माह में समस्त छात्रों को अलग–अलग समूहों में विभक्त कर किसी एक विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता कराना।
- प्रशिक्षु एवं बच्चों द्वारा निर्मित सामग्री के आधार पर एक विज्ञान किट तैयार करना।
- शिक्षण अधिगम सामग्री यथा–श्रृव्य, दृश्य एवं श्रृव्य–दृश्य (तीनों प्रकार की सामग्री) सामग्री को पर आधारित चार्ट/मॉडल का निर्माण करना।
- विभिन्न शिक्षण प्रविधियों पर एक–एक मॉडल/प्रस्तुतीकरण तैयार करना।
- विभिन्न शिक्षण प्रविधियों का तुलनात्मक अध्ययन (किसी एक विषयवस्तु को देकर करना)।

वर्तमान भारतीय समाज और प्रारम्भिक शिक्षा

उद्देश्य

- शिक्षा की आवश्यकता, महत्व और उद्देष्य से अवगत कराना एवं सामाजिक विकास में शिक्षा की भूमिका से अवगत कराना।
- प्राचीन, मध्यकालीन एवं वर्तमान में भारतीय शिक्षा के स्वरूप एवं व्यवस्था की जानकारी देना।
- विविध शैक्षिक विचारधाराओं का महत्व एवं आधुनिक शिक्षा में उनकी उपयोगिता से अवगत कराना।
- वर्तमान भारतीय समाज में होने वाले मूल्य परिवर्तनों एवं उसके शिक्षा जगत में पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी देना।
- नवीन शैक्षिक समस्याओं एवं चुनौतियों का निर्धारण एवं योजनाबद्ध तरीके से निराकरण में प्रशिक्षित करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–2

सैद्धान्तिक विषय–edu 03

वर्तमान भारतीय समाज और प्रारम्भिक शिक्षा

कक्षा शिक्षण: विषयवस्तु

खण्ड 'क' प्रारम्भिक शिक्षा

- शिक्षा की संकल्पना, अर्थ (प्राचीन तथा अर्वाचीन) एवं महत्व
- शिक्षा के उद्देश्य एवं वर्तमान भारत में शिक्षा के उद्देश्यों को प्रभावित करने वाले कारक
- शिक्षा के प्रकार – औपचारिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा
- प्रारम्भिक शिक्षा की पृष्ठभूमि
  - प्राचीन काल (गुरुकुल एवं बौद्धकालीन शिक्षा)
  - मध्यकालीन शिक्षा (मुगलकालीन शिक्षा)
  - आधुनिक शिक्षा (स्वतन्त्रता के पूर्व एवं पश्चात)
- प्रमुख शैक्षिक विचारधाराएँ एवं विचारक
  - आदर्षवाद
  - प्रकृतिवाद
  - प्रयोजनवाद
  - भारतीय विचारक – विवेकानन्द, रविन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी, डॉ0 राधाकृष्णन, गिजूभाई बधेका
  - पाष्चात्य विचारक – प्लेटो, रूसो, जॉन डीवी, फ्रोबेल, मारिया मॉन्टेसरी

खण्ड 'ख' शिक्षा और समाज

- शिक्षा और समाज का अन्त: सम्बन्ध
- शिक्षा के प्रभावी कारक–परिवार, समाज, विद्यालय, राज्य एवं जनसंचार साधन
- शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन–सामाजिक परिवर्तन के कारक
- विद्यालय और समुदाय का सम्बन्ध–विद्यालय: सामुदायिक केन्द्र के रूप में
- उभरते समाज के प्रमुख मुद्दे –
  - शिक्षा का सार्वभौमीकरण एवं शैक्षिक अवसरों की समानता
  - शिक्षा का व्यावसायीकरण एवं इस पर नियन्त्रण
  - बचपन छीनता बालश्रम–नि:शुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा में बाधक
  - जनसंख्या शिक्षा–अर्थ, आवश्यकता, महत्व एवं समयानुरूप मानव संसाधन का विकास

- जातिवाद, अलगाववाद, साम्प्रदायिकता एवं इसके दुष्परिणाम, सामाजिक/पारस्परिक सौहार्द व समरसता वर्तमान आवश्यकता
- पर्यावरण प्रदूषण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता
- जलसंचयन–ऊर्जा एवं भूमि संरक्षण
- भूमण्डलीय ताप वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) एवं जलवायु परिवर्तन
- भूमण्डलीकरण
- लैंगिक असमानता तथा उसका प्रभाव, शिक्षा द्वारा लैंगिक समानता के प्रति समझ व संवेदनशीलता का विकास
- जनसंचार माध्यमों की बढ़ती भूमिका और समाज पर इनका बहुआयामी प्रभाव

- शिक्षा एवं मानवीय मूल्य
  - मानवीय मूल्यों की शिक्षा–अर्थ एवं उद्देश्य
  - मूल्यों के विकास में परिवार, समाज और विद्यालय की भूमिका
  - राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना की शिक्षा
  - लोकतांत्रिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण का विकास

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- विभिन्न शैक्षिक चुनौतियों एवं निराकरण के उपायों की सारिणी बनाना।
- भारतीय एवं पाश्चात्य विचारकों के शैक्षिक विचारों की तुलना करना।
- निम्नलिखित प्रकरणों पर मॉडल/चार्ट/कहानी/केस स्टडी/पेन्टिंग तैयार करना –
  - बचपन छीनता बालश्रम
  - जातिवाद, अलगाववाद, सांप्रदायिकता
  - लैंगिक असमानता
  - ग्रामीण एवं शहरी शिक्षा, सरकारी एवं निजी विद्यालयी शिक्षा
  - अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव
- मानवीय व नैतिक मूल्यों पर आधारित कहानियों, कविताओं, प्रेरक प्रसंगों का लेखन एवं संकलन।
- प्रकृतिवाद एवं प्रयोजनवाद को पॉवर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत करना।
- शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारकों पर मॉडल/चार्ट/पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण तैयार करना।
- 'जनसंचार माध्यमों का शिक्षा पर प्रभाव' विषय पर मॉडल/प्रस्तुतीकरण/वीडियो क्लिप तैयार करना।

प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास

उद्देश्य

- प्राथमिक षिक्षा के सार्वभौमीकरण हेतु संवैधानिक प्राविधानों एव प्रतिबद्धताओं से अवगत कराना।
- प्राथमिक षिक्षा के विकास हेतु संचालित विभिन्न कार्यक्रम एवं परियोजनाओं की जानकारी देना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–2

सामान्य विषय–edu 04

प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

1. **प्रारम्भिक षिक्षा के सार्वभौमीकरण हेतु संवैधानिक प्राविधान एवं प्रतिबद्धताएँ**
   - संविधान के अनुच्छेद 21(ए), 29(2) एवं 45 के अन्तर्गत षिक्षा सम्बन्धी संस्तुतियाँ।
   - बच्चों के अधिकार (बाल अधिकार)।
   - निःषुल्क एवं अनिवार्य बाल षिक्षा अधिकार अधिनियम–09 (RTE.09)।
2. **प्रारम्भिक षिक्षा के संदर्भ में गठित आयोग एवं समितियां**
   - स्वतंत्रता के पूर्व एवं पष्चात की संक्षिप्त जानकारी
   - लार्ड मैकाले की षिक्षा नीति, वुड का घोषणापत्र, हण्टर आयोग, ऑकलैण्ड एवं कर्जन का योगदान
   - कोठारी आयोग
   - राष्ट्रीय षिक्षा नीति 1986 एवं प्रोग्राम ऑफ एक्षन 1992
   - यषपाल समिति
   - राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 (NCF 2005)
   - षिक्षक षिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2009 (NCFTE 2009)
3. **प्रारम्भिक षिक्षा के विकास हेतु संचालित कार्यक्रम एवं परियोजनाएं (उ0प्र0 के संदर्भ में) विभिन्न**
   - ऑपरेषन ब्लैक बोर्ड परियोजना (OB)
   - सेवारत अध्यापकों का विस्तृत अभिविन्यास कार्यक्रम (P-MOST)
   - प्राथमिक षिक्षकों का विषेष अनुस्थापन कार्यक्रम (SOPT)
   - बेसिक षिक्षा परियोजना (BEP)
   - जिला प्राथमिक षिक्षा कार्यक्रम (द्वितीय एवं तृतीय) (DPEP)
   - विद्यालय षिक्षा की तैयारी (स्कूल रेडीनेस) कार्यक्रम
   - सम्पूर्ण साक्षरता अभियान
   - सर्व षिक्षा अभियान
   - NPEGEL–नेषनल प्रोग्राम ऑफ एजूकेषन फॉर गर्ल्स एट एलीमेन्ट्री लेवल
   - स्कूल चलो अभियान
   - कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय योजना
   - ई0सी0सी0ई0 कार्यक्रम
   - राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना
   - मध्याह्न भोजन/पोषाहार वितरण
   - छात्रवृत्ति वितरण एवं अन्य प्रोत्साहन योजनाएं
     (निःषुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेष, बच्चों हेतु फर्नीचर)

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- लार्ड मैकाले, वुड, हण्टर, ऑकलैण्ड एवं कर्जन के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन।
- राष्ट्रीय षिक्षा नीति 1986 एवं प्रोग्राम ऑफ एक्षन 1992 की प्रासंगिकता से सम्बन्धित लेख, चार्ट तैयार करना।
- विद्यालयों का भ्रमण कर उनका प्रोफाइल तैयार करना।
- जिला प्राथमिक षिक्षा कार्यक्रम एवं सर्व शिक्षा अभियान का तुलनात्मक अध्ययन
- मध्यान्ह भोजन, पोषाहार वितरण पर वीडियो क्लिप/चार्ट/कहानी तैयार करना।
- विकासखण्ड/जनपद के शैक्षिक परिदृश्य पर विश्लेषणात्मक रिर्पोट तैयार करना।

शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार

उद्देश्य

- प्रशिक्षु को मूल्यांकन की आवश्यकता एवं उद्देश्यों से अवगत कराना।
- प्रशिक्षु को विभिन्न प्रकार की मूल्यांकन विधाओं से अवगत कराना।
- बच्चों के सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन में प्रशिक्षित करना।
- कमजोर छात्रों की प्रगति हेतु निदानात्मक शिक्षण विधि के प्रयोग में प्रशिक्षित करना।
- प्राथमिक शिक्षा की समस्याओं के निराकरण करने हेतु क्रियात्मक शोध की जानकारी देना।
- शिक्षा में नवाचार की अवधारणा से परिचित कराना।
- सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा एवं महत्व, मूल्यांकन के पक्ष, मूल्यांकन के प्रकार, उत्तम परीक्षण, मूल्यांकन की विशेषताएं, शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करना।
- प्रश्न पत्र निर्माण प्रक्रिया, मूल्यांकन का अभिलेखीकरण, निदानात्मक शिक्षण की जानकारी द्वारा प्रशिक्षुओं को शिक्षण कार्य में इनका प्रयोग करने में समर्थ बनाना।
- शिक्षण कार्य में क्रियात्मक शोध एवं शैक्षिक नवाचार करने हेतु प्रोत्साहित करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–3

सैद्धान्तिक विषय–edu 05

शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार

कक्षा शिक्षण: विषयवस्तु

1. मापन एवं मूल्यांकन

- शैक्षिक मापन एवं मूल्यांकन की अवधारणा।
  - शैक्षिक मापन का अर्थ
  - मूल्यांकन की संकल्पना
  - मूल्यांकन के उद्देश्य
  - मूल्यांकन के क्षेत्र
- मूल्यांकन की आवश्यकता एवं महत्व।
  - मूल्यांकन की प्रशासनिक आवश्यकता
  - मूल्यांकन की शैक्षिक आवश्यकता
  - मूल्यांकन की शैक्षिक अनुसंधान में आवश्यकता
  - सामाजिक दृष्टिकोण से मूल्यांकन की आवश्यकता
- मापन एवं मूल्यांकन में अन्तर।
  - परीक्षण एवं मापन में अन्तर
- सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा एवं महत्व।
  - दक्षता आधारित मूल्यांकन
  - व्यापक मूल्यांकन
  - सतत् मूल्यांकन एवं महत्व
  - सतत् मूल्यांकन की कार्य–प्रणाली एवं सोपान
  - सतत् मूल्यांकन का क्षेत्र।
  - सतत् मूल्यांकन की कार्य–प्रणाली एवं सोपान
- मूल्यांकन के पक्ष।
  - ➔ संज्ञानात्मक **(Cognitive)** — ज्ञान, बोध, अनुप्रयोग या व्यवहारिकता, विश्लेषण, संश्लेषण एवं मूल्यांकन।
  - ➔ भावात्मक **(affective)** — ग्रहण करना या ध्यान देना, अनुक्रिया करना, मूल्य आंकना, संगठन, मूल्य द्वारा विशिष्टीकरण
  - ➔ कौशलात्मक**(Conative)** एवं व्यवहारात्मक**(Behavior overall activity)** — सामाजिक कौशल; यान्त्रिक कौशल; गणितीय कौशल; भाषायी कौशल

- उत्तेजना
- क्रियान्वयन
- नियंत्रण।
- समायोजन
- स्वाभावीकरण

- मूल्यांकन के प्रकार–
  - मौखिक परीक्षा
  - लिखित परीक्षा
  - साक्षात्कार / निरीक्षण / अवलोकन / प्रायोगिक
  - रचनात्मक मूल्यांकन **(Formulative Evaluation)**
  - आंकलित मूल्यांकन **(Summative Evaluation)**
- उत्तम परीक्षण / मूल्यांकन की विशेषताएं, शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन का संबंध।
- प्रश्न–पत्र निर्माण प्रक्रिया
  - योजना निर्माण, ब्लूप्रिन्ट, सम्पादन तथा अंक निर्धारण।
  - प्रश्नों के प्रकार (वस्तुनिष्ठ, अतिलघुउत्तरीय, लघुत्तरीय, दीर्घउत्तरीय)
  - शैक्षिक उद्देश्यों के अनुसार प्रश्नों के पक्ष (ज्ञान, बोध, अनुप्रयोग, कौशल)
- मूल्यांकन अभिलेखीकरण (संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्ष) सतत्, मासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक मूल्यांकन, पुनर्बलन।
- निदानात्मक परीक्षण एवं उपचारात्मक शिक्षण।
- क्रियात्मक शोध।
  - शोध का अर्थ, प्रकार, उद्देश्य, आवश्यकता एवं महत्व।
  - क्रियात्मक शोध के क्षेत्र।
  - क्रियात्मक शोध के चरण एवं प्रारूप निर्माण।
  - क्रियात्मक शोध उपकरण निर्माण।
  - क्रियात्मक शोध का सम्पादन / अभिलेखीकरण।
- शैक्षिक नवाचार
  - शिक्षा में नवाचार का अर्थ, आवश्यकता एवं महत्व।
  - शैक्षिक नवाचार के क्षेत्र (शिक्षण अधिगम के सुधार हेतु स्थानीय समुदाय / परिवेश के संसाधनों की पहचान और उनका उपयोग कर मूल्यांकन, प्रार्थना स्थल की गतिविधि, पाठ्य सहगामी, क्रियाकलाप, सामुदायिक सहभागिता, विद्यालय प्रबंधन, विषयगत कक्षा–शिक्षण समसामयिक दृष्टान्त, लैबएरिया।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- प्रोजेक्ट कार्य के रूप में प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी द्वारा कम से कम दस बच्चों को चिन्हित कर इन्टर्नशिप के दौरान उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना और आए हुए परिवर्तन का मूल्यांकन करना।
- प्रत्येक प्रशिक्षु दो शैक्षिक समस्याओं को चिन्हित कर उसका समाधान क्रियात्मक शोध अध्ययन के अनुसार आख्या सहित प्रस्तुत करें।
- मूल्यांकन एवं शिक्षण–अधिगम को मॉडल/चार्ट में प्रस्तुत करना।
- मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले कारकों पर चार्ट/मॉडल तैयार करना।
- मापन एवं मूल्यांकन, परीक्षण एवं मापन में अन्तर स्पष्ट करने के लिए सामग्री/मॉडल/चार्ट तैयार करना।

समावेशी शिक्षा एवं विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा, निदेर्शन एवं परामर्श

उद्देश्य

- प्रशिक्षुओं में समावेशी शिक्षा की समझ विकसित करना।
- समावेशी शिक्षा के प्रकार, प्रकृति एवं विविधा की जानकारी देना।
- ग्राँण्ड ट्रंक रोड, कृषि, खनिज, प्रमुख सड़क मार्ग, प्रमुख रेलमार्ग, प्रमुख जलमार्ग को मानचित्र/मॉडल में दर्शाएँ।
- यूरोपीय शक्तियों के आगमन के फलस्वरूप हुए व्यापारिक मार्गों की खोज व विभिन्न आविष्कारों पर एक लेख लिखे।
- भारत में अंग्रेजों के काल में हुए सुधार व विकास कार्यों पर एक समालोचनात्मक टिप्पणी लिखिए।
- ग्लोब एवं विश्व के प्राकृतिक प्रदेशों को मॉडल/मानचित्र पर दर्शाएँ।
- विश्व के मानचित्र पर विकसित देश, विकासशील देश (प्रमुख) देशों को दर्शाएं।
- केन्द्र सूची, राज्य सूची व समवर्ती सूची पर एक चार्ट तैयार करें।
- केन्द्र व राज्य सरकार की आय व्यय के स्रोत को चार्ट द्वारा प्रदर्शित करें।
- मुगल साम्राज्य सभी शासकों का काल क्रमानुसार फोटो एलबम बनाएं।
- मुगल काल से लेकर अंग्रेजों के आगमन तक हुए प्रमुख युद्धों पर एक रिपोर्ट तैयार करें।
- वर्तमान की डाक व्यवस्था व शेरशाह की डाक व्यवस्था में भिन्नता पर रिपोर्ट तैयार करें।
- भारत के सभी राष्ट्रपतियों के नामों व कार्यकाल को सूचीबद्ध करते हुए फोटो एलबम बनायें।
- पिछले दस वर्षों की साक्षरता स्थिति पर एक पॉवर प्वाइंट प्रजेटेशन तैयार करें।
- किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/निजी बैंक का भ्रमण कर उसमें चल रही बैंकिग योजनाओं पर रिपोर्ट तैयार कीजिए।

सेमेस्टर–4

सामान्य विषय–4

सामाजिक अध्ययन

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- 1857 का प्रथम स्वाधीनता संग्राम तथा स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु प्रयास।
- धार्मिक तथा समाज सुधार आन्दोलन–ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज, आर्य समाज, रामकृष्ण मिशन, थियोसोफिकल सोसाइटी, मुस्लिम धार्मिक आंदोलन (सर सैय्यद अहमद खॉ)।
- भारत का राष्ट्रीय आंदोलन–इंडियन नेशनल कांग्रेस का जन्म, बंगभंग, रौलट एक्ट, जलियॉवाला बाग हत्याकांड, खिलाफत आंदोलन, असहयोग आंदोलन, चौरी–चौरा काण्ड, काकोरी काण्ड, स्वराज्य दल, साइमन कमीशन, बारदौली सत्याग्रह, नेहरू रिपोर्ट।
- पूर्ण स्वतंत्रता की मांग–जिन्ना की चौदह शर्तें, सविनय अवज्ञा आंदोलन, प्रथम गोलमेज सम्मेलन, गांधी इरविन समझौता, द्वितीय गोलमेज सम्मेलन, पूना पैक्ट, भारत छोड़ो आन्दोलन तथा स्वतंत्रता की प्राप्ति।
- भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख उदार एवं उग्र राष्ट्रवादी नेताओं का योगदान–महात्मा गाँधी, जवाहर लाल नेहरू, गोपाल कृष्ण गोखले, दादाभाई नौरोजी, सुभाष चन्द्र बोस, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय।
- जलवायु एवं मौसम में अन्तर एवं जलवायु को प्रभावित करने वाले तत्व।
- भारत के प्राकृतिक प्रदेश–बनावट, जनजीवन, कृषि, उद्योग–धंधे, प्रमुख राज्य व नगर।
- उत्तर प्रदेश के प्राकृतिक प्रदेश–विस्तार, प्रमुख नगर, जनजीवन, उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियां एवं जनजातियां।
- उत्तर प्रदेश की खनिज सम्पदा, शक्ति के साधन, कृषि और सिंचाई।
- उत्तर प्रदेश के प्रमुख आयात–निर्यात एवं उसका हमारी अर्थव्यवथा पर प्रभाव।
- उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत– पुरातात्विक विरासत, कलाएं, मेले व त्यौहार, तीर्थस्थान, विरासत का संरक्षण।
- पर्यावरण प्रदूषण–अर्थ, प्रकार व रोकथाम।
- संयुक्त राष्ट्रसंघ–गठन, अंग, कार्य।
- जनगणना।
- नागरिक सुरक्षा।
- सरकार की विभिन्न जनहित योजनाएं–भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में चलायी जा रही स्वरोजगार योजनाएं।
- गैर सरकारी संगठन (एन0जी0ओ0)।
- विविधता में एकता, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक।
- आतंकवाद, सांप्रदायिकता तथा जातिवाद–अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के संरक्षण हेतु संवैधानिक प्राविधान, भारत के शान्ति प्रयास–गुट निरपेक्षता की नीति, पंचशील के सिद्धान्त, संयुक्त राष्ट्रसंघ के माध्यम से भारत के शांति प्रयास।
- भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष प्रमुख चुनौतियां :–

- गरीबी–जनसंख्या वृद्धि–जनसंख्या का घनत्व, माल्थस का जनसंख्या सिद्धान्त, जनसंख्या वृद्धि, आर्थिक विकास में बाधक, भारत में जनांकिकीय प्रवृत्तियाँ, जन्म एवं मृत्यु दर, लिंग अनुपात, भारत की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति।
- भारत में गरीबी के कारण, भारत में गरीबी रेखा, गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम।
- बेरोजगारी–प्रकार, बरोजगारी उन्मूलन पर वर्तमान में सरकार द्वारा संचालित योजनाएं।
- साक्षरता दर

- भारत में खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली :– खाद्य सुरक्षा की समस्या, सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्देश्य व प्रसार, भारतीय खाद्य निगम, लक्षित सार्वजनिक वितरण योजना, एकीकृत बाल विकास योजनाएं (आई0सी0डी0एस0) दोपहर भोजन व्यवस्था (एम0डी0एम0), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक।
- भूमण्डलीकरण तथा सांख्यिकी–परिचय, आंकड़ों का प्रदर्शन व महत्व, समान्तर माध्य, माध्यिका, बहुलक।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडलः प्रशिक्षु शिक्षकों को सामाजिक अध्ययन के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व व पश्चात् महिलाओं की स्थिति के तुलनात्मक अध्ययन पर प्रोजेक्ट बनाएँ।
- उत्तर प्रदेश के मानचित्र में–खनिज, शक्ति के साधन, प्रमुख फसलों को मानचित्र/चार्ट पर प्रदर्शित करें।
- संयुक्त राष्ट्र संघ, उसके अंगों व कार्यों को दर्शाता एक चार्ट तैयार करें।
- भारत में विगत दस वर्षों में होने वाली जनसंख्या वृद्धि के आंकड़ों का सांख्यिकी चित्रों द्वारा निर्माण करें।
- भारतीय इतिहास में स्त्रियों के योगदान (प्राचीन मध्य व आधुनिक काल में) पर एक प्रोजेक्ट तैयार करें।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर केन्द्रित एक फोटो एलबम तैयार करें।
- उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े प्रमुख स्थलों तथा घटनाओं पर एक रिर्पोट तैयार करें।
- प्रमुख आयात–निर्यात की जाने वाली वस्तुओं का एलबम तैयार करें।
- संयुक्त राष्ट्र संघ के 10 सदस्य देशों के राष्ट्रीय ध्वजों को चार्ट पर बनायें।
- समाचार पत्रों से सामयिक विषयों से संबंधित सूचनाओं का संकलन कर एक कोलाज बनायें।
- अपने आस–पास के 20 परिवारों की साक्षरता दर पर एक प्रोजेक्ट तैयार करें।
- अपने घर से 100 मीटर की परिधि में आने वाले परिवारों की जनगणना करें व लिंग अनुपात भी अंकित कर रिपोर्ट तैयार करें।

हिन्दी

उद्देश्य

- मनुष्य के जीवन में भाषा की भूमिका को समझाना।
- प्रशिक्षुओं को बच्चों के भाषा सीखने की प्रक्रिया से अवगत कराना एवं इस प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों को स्पष्ट करना।
- विषयवस्तु से सम्बधित शिक्षण–सामग्री तैयार करने के लिए प्रशिक्षित करना। हिन्दी भाषा की विषयवस्तु की समझ विकसित करना।
- हिन्दी भाषा की विषयवस्तु में प्रयोग की गयी सामग्री को बच्चों द्वारा परिवेश से एकत्रित कराने एवं दिये गये भावों को बच्चों से प्रस्तुत कराकर उनकी विषय–वस्तु में रुचि उत्पन्न कराने में प्रशिक्षित करना।
- प्रशिक्षुओं को बच्चों को पढ़ने, लिखने एवं समझने के लिए प्रेरित करने हेतु कहानियों/ कविता बनाने एवं प्रस्तुत करने में प्रशिक्षित करना।
- प्रशिक्षुओं को संचार प्रौद्योगिकी एवं अन्य शिक्षण विधाओं के माध्यम से बच्चों के पठन कौशल विकास (शुद्ध उच्चारण) के लिए प्रशिक्षित करना।
- प्रशिक्षु को भाषा शिक्षण का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन कराने में प्रशिक्षित करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण, शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। कक्षा में कहानी का उपयोग सिखायें। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए, साथ ही उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, बताया जाए। यथासम्भव सूचना तकनीक/कम्प्यूटर के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग विधि सीख सके।

सेमेस्टर–1

सामान्य विषय–1

हिन्दी

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- हिन्दी भाषा में ध्वनियों को सुनकर समझना एवं शुद्ध उच्चारण।
- देवनागरी लिपि के समस्त लिपि संकेतों, स्वर, व्यंजन, संयुक्त वर्ण, संयुक्ताक्षर, मात्राओं का ज्ञान।
- विलोम, समानार्थी, तुकान्त व समान ध्वनियों वाले शब्दों की पहचान।
- अल्प विराम, अर्धविराम, पूर्णविराम, प्रश्न वाचक, विस्मयबोधक, अवतरण चिन्ह, विराम चिन्ह का ज्ञान और उनका प्रयोग।
- लेखन शिक्षण की विधियाँ और लिखना, सीखने में ध्यान रखने योग्य बातें–बैठने का ढंग, आंखों से कागज की दूरी, कलम पकड़ने की विधि, शिरोरेखा, लिपि, अक्षर की सुडौलता और उपयुक्त नमूने, अभ्यास, सुलेख, अनुलेख श्रुतलेख।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को हिन्दी के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, जानकारी एवं घटनाओं के अन्तः सम्बन्धों को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, खेल, गतिविधि, दृश्य–श्रव्य(वीडियो/आडियो), सामग्री, प्रयोग तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- अक्षर, मात्रा, शब्द, स्वर, व्यंजन, संयुक्त वर्ण, संयुक्ताक्षर सिखने हेतु शिक्षण–सामग्री/मॉडल/सामग्री का निर्माण।
- अल्पविराम, अर्धविराम, पूर्ण विराम, प्रश्नवाचक, विस्मयबोधक चिन्हों को स्पष्ट करने हेतु शिक्षण–सामग्री/मॉडल/सामग्री/उदाहरण का निर्माण।
- बाल कविताओं, बालगीतों, बालकथाओं व गतिविधियों का संग्रह एवं उन पर आधारित नाटक प्रस्तुत करना।
- उच्चारण के शुद्धीकरण हेतु वीडियों–आडियो सामग्री।
- कक्षा शिक्षण की दृष्टि से समाचार–पत्रों/पत्रिकाओं से सामग्री का संकलन तैयार करना।

सेमेस्टर–2

सामान्य विषय–2

हिन्दी

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- कहानी, लोककथा, रोचक प्रसंगों को ध्यानपूर्वक सुनना व याद करना।
- परिवेशीय विषयों, सामाजिक घटनाओं, स्व अनुभवों पर चर्चा।
- गद्य व पद्य के अंशों को शुद्ध उच्चारण, लय एवं उतार–चढ़ाव के साथ पढ़ना, बोलना।
- स्वतंत्र (मौखिक एवं लिखित) अभिव्यक्ति।
- स्तरानुसार गद्य–पद्य में शब्दों, वाक्यांशों, विराम चिन्हों एवं समान ध्वनियों को समझना।
- उपसर्ग, प्रत्यय, सामासिक पदों की पहचान व प्रयोग।
- संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया विशेषण, वचन, लिंग तथा काल को पहचानना।
- पाठ्यवस्तु का मौन वाचन करते हुए उसमें निहित विचारों, भावों एवं तथ्यों को समझना।
- शिक्षक के निर्देशानुसार छोटे–छोटे वाक्य लिखना।
- औपचारिक अनौपचारिक पत्र लिखना।
- परिचित विषयों पर मौलिक रूप से लिखना।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को हिन्दी के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, जानकारी एवं घटनाओं के अन्तः सम्बन्धों को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, खेल, गतिविधि, दृश्य–श्रव्य(वीडियो/आडियो), सामग्री, प्रयोग तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- कहानी, लोककथा के संग्रह तैयार करना।
- उपसर्ग, प्रत्यय, सामसिक के विभेद हेतु चार्ट/मॉडल बनाना।
- संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया विशेषण, वचन, लिंग को चार्ट/मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत करना।
- विभिन्न शब्दों के विभिन्न रूपों (संज्ञा, सर्वनाम .....) को चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना।
- पत्रों के प्रकार एवं उनमें मूलभूत अन्तर को चार्ट/मॉडल के माध्यम से स्पष्ट करना।
- समाचार–पत्रों, पत्रिकाओं से कक्षा शिक्षण के लिये उपयोगी सामग्री का संकलन तैयार करना।

सेमेस्टर–3

सामान्य विषय–3

हिन्दी

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- पाठ्यपुस्तक में आये प्रमुख कवियों और लेखकों का सामान्य परिचय।
- श्रुत सामग्री में प्रयुक्त शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों का प्रसंगानुकूल प्रयोग।
- राष्ट्रीय पर्वों, मेला, त्योहार जैसे विषयों पर अपने शब्दों में गद्य अथवा पद्य में स्वतंत्र लेखन।
- कर्ता कर्म के अनुसार क्रिया में परिवर्तन, तत्सम, तद्भव देशज रूपों का परिचय, सरल संयुक्त व मिश्रित वाक्य, वाक्यांश के लिए एक शब्द का प्रयोग।
- पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य पाठ्यवस्तु को पढ़कर समझना।
- औपचारिक एवं अनौपचारिक परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त भाषा का प्रयोग करना।
- अधिगम प्रतिफल का मूल्यांकन, शिक्षण प्रक्रिया एवं बच्चों के क्रियाकलापों के साथ, प्रथम दो कक्षाओं में मौलिक और प्रेक्षात्मक मूल्यांकन। तथा कक्षा–3 से आगे की कक्षाओं में अन्य तकनीकों के पूरकरूप में लिखित परीक्षा का संचालन।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को हिन्दी के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, जानकारी एवं घटनाओं के अन्तः सम्बन्धों को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, खेल, गतिविधि, दृश्य–श्रव्य(वीडियो/आडियो), सामग्री, प्रयोग तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- आत्मकथा एवं यात्रा वृतान्त का मौलिक लेखन।
- विभिन्न विराम चिन्हों वाले अनुच्छेदों का निर्माण।
- मुहावरों एवं लोकोक्तियों के बीच अन्तर स्पष्ट करने की सामग्री।
- शब्दों की उत्पत्ति पर मॉडल/प्रोजेक्ट।
- एक ही विषय पर लिखी गयी कविताओं के कवियों का संग्रह तैयार करना।
- समाचार–पत्रों, पत्रिकाओं से कक्षा शिक्षण के लिये उपयोगी सामग्री का संकलन तैयार करना।

सेमेस्टर–4

सामान्य विषय–4

हिन्दी

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- अनिवार्य संस्कृत में अनुस्वार, हलन्त, विसर्ग आदि का ध्यान रखते हुए शुद्ध उच्चारण, वाचन एवं लेखन।
- पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य पाठ्यवस्तु को समझकर पढ़ना।
- दिये गये अनुच्छेदों के शीर्षक लिखना।
- उच्च प्राथमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों में सम्मिलित कविता, निबन्ध, कहानी, एकांकी, यात्रावृतान्त, जीवनी, आत्मकथा, पत्रलेखन, नाटक के लेखकों का सामान्य परिचय, उनका अध्ययन व अध्यापन कार्य।
- अनिवार्य संस्कृत के पाठों का अध्यापन। नीति, श्लोकों को कंठस्थ कराना।
- संस्कृत के शब्द भंडार में वृद्धि हेतु कठिन शब्दों को चुनना, संकलन करना और वाक्य प्रयोग कराना।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को हिन्दी के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, जानकारी एवं घटनाओं के अन्तः सम्बन्धों को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, खेल, गतिविधि, दृश्य–श्रव्य(वीडियो/आडियो), सामग्री, प्रयोग तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- प्रोजेक्ट कार्य के अन्तर्गत, देखे गये मेले, त्योहार पर्व, घटनाओं, यात्रा वर्णन आदि को प्रस्तुत करना (पावर प्वांइट प्रस्तुतीकरण करना)।
- हिन्दी की किसी एक विद्या गद्य, पद्य, नाटक, एकांकी, कहानी, उपन्यास पर प्रोजेक्ट वर्क करना।
- उच्च प्राथमिक स्तर के किसी एक पाठ का संस्कृत से हिन्दी अनुवाद करना।
- निबन्ध – कहानी की विशेषताओं को स्पष्ट करने हेतु चार्ट/सामग्री का निर्माण करना।
- जीवनी एवं आत्मकथा के मूलभूत अन्तर स्पष्ट करने हेतु सामग्री तैयार करना।

संस्कृत

उद्देश्य

- प्रशिक्षुओं को बच्चों के संस्कृत भाषा सीखने की प्रक्रिया से अवगत कराना एवं प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों को स्पष्ट करना।
- विषयवस्तु से सम्बधित टी0एल0एम0 तैयार करने में प्रशिक्षित करना। संस्कृत की विषयवस्तु की समझ विकसित करना।
- संज्ञा, लिंग एवं वचन के माध्यम से बच्चों में शुद्ध उच्चारण एवं लेखन के कौशल का विकास करेंगे।
- शब्द व धातु रूप का ज्ञान कराते हुए उनके प्रयोग का कौशल विकसित करेंगे।
- संस्कृत भाषा के महत्व से परिचित होकर बच्चों में उच्चारण, वाचन, लेखन की दक्षता के विकास हेतु ऑडियो/वीडियो/आई0सी0टी0 का प्रयोग करना सिखाना।
- प्रशिक्षु को भाषा का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन करने में प्रशिक्षित करना।
- धातु रूप का ज्ञान कराते हुए उनके प्रयोग का कौशल विकसित करेंगे।
- संस्कृत भाषा के महत्व से परिचित होकर बच्चों में उच्चारण, वाचन, लेखन की दक्षता के विकास हेतु ऑडियो/वीडियो/आई0सी0टी0 का प्रयोग करना।
- प्रशिक्षु को भाषा का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन करने में प्रशिक्षित करना।
- संस्कृत ध्वनियों के उच्चारण स्थान से अवगत कराना एवं उनका शुद्ध उच्चारण हेतु प्रेरित करना।
- संस्कृत गद्यों, श्लोकों एवं लघु कहानियों के माध्यम से छात्रों में राष्ट्रीय प्रेम, पर्यावरण संरक्षण तथा लैंगिक समानता जैसे मानवीय मूल्यों को विकसित करना।
- बच्चों में सरल हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करने का कौशल विकसित करना।
- संस्कृत भाषा के महत्त्व से अवगत होकर बच्चों में संस्कृत के प्रति रूचि उत्तपन्न करना।
- संस्कृत भाषा के संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण आदि के प्रयोग से दक्षता विकसित करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–1

सामान्य विषय–1

संस्कृत

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- आस–पास की वस्तुओं, पशु–पक्षियों के संस्कृत नाम की जानकारी।
- संज्ञा, लिंग, एवं वचन की जानकारी।
- संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों के सभी विभक्तियों तथा वचनों का ज्ञान।
- धातु रूप के अन्तर्गत लट् एवं लंड्, लकार का प्रयोग।
- संज्ञा एवं सर्वनाम शब्द के अनुरूप क्रिया के प्रथम, मध्यम एवं उत्तम पुरुषों का प्रयोग।
- सरल संस्कृत वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद।
- वन्दना एवं नीतिपरक वाक्यों का सस्वर वाचन।
- श्लोकों तथा नीतिपरक वाक्यों का अर्थ ज्ञान।
- एक से बीस तक की संस्कृत संख्याओं का ज्ञान।
- संभाव शिक्षण विधाएँ–शिक्षक प्रशिक्षुओं को गेम, वीडियो क्लिप, ऑडियो क्लिप, करके सीखना, उच्चारणाभ्यास, अनुकरण वाचन, सामूहिक कार्य, खेल, अभिनय, श्यामपट्ट, चार्ट, मॉडल, चित्र, शब्द कार्ड व पट्टिका के द्वारा गतिविधियाँ कराते हुए शिक्षण अधिगम सिखाना।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को संस्कृत के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- संस्कृत षिक्षण हेतु षिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण।
- संस्कृत षिक्षण हेतु गतिविधियों का निर्माण।
- संस्कृत भाषा में आत्म परिचय तैयार करना।
- नीतिपरक वाक्यों की पट्टिकाएं तैयार करना।
- संस्कृत में गिनतियों, धातुओं व रूपों पर मॉडल तैयार करना।
- श्लोक वाचन की एक ऑडियो/वीडियो क्लिप तैयार करना।

सेमेस्टर–3

सामान्य विषय–3

संस्कृत

कक्षा षिक्षण: विषयवस्तु

- संस्कृत वर्णपरिचय व उनके ध्वनि उच्चारण स्थान का ज्ञान।
- सन्धि प्रकरण – प्रकार, सूत्र, नियम निर्देश सहित सन्धि विग्रह एवं सन्धि करने का ज्ञान।
- समास प्रकरण – अव्ययीभाव, तत्पुरुष, कर्मधारय, द्विगु, बहुब्रीहि व द्वन्द्व समास का ज्ञान।
- शब्द रूप – शब्द प्रकार, वचन व विभक्तियों का ज्ञान।
- धातुरूप – लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् व लृट्लकार का पुरुष व वचन सहित ज्ञान।
- कारक विभक्ति एवं चिह्न का ज्ञान।
- सुभाषित श्लोकों का सस्वर पाठ व अनुकरण वाचन।
- पाठ्यपुस्तक के अंशों का सुलेख, अनुलेख, श्रुतलेख एवं सरल अनुवाद।
- संवाद पाठों पर आधारित संस्कृत में छोटे–छोटे वाक्यों की रचना करने का ज्ञान।
- हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद।
- उपसर्ग, प्रत्यय एवं वाच्य परिवर्तन का ज्ञान।
- एक से पचास तक संस्कृत संख्याओं का ज्ञान।
- संभाव्य शिक्षण विधाएँ – शिक्षक प्रशिक्षण में क्रियाकलाप आधारित शिक्षण–अधिगम का ज्ञान, मॉडल, गेम, वीडियो क्लिप, ऑडियो क्लिप, प्रयोग तैयार करके, श्यामपट्ट कार्य के द्वारा, शब्द पट्टिका, चार्ट, कठिन शब्दों के चार्ट व उच्चारणाभ्यास के के द्वारा अभिनय व प्रश्नोत्तर, प्रशिक्षक–शिक्षक सहभागिता आदि के द्वारा प्रभावी शिक्षण के सम्भव है।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को संस्कृत के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- संस्कृत विषय की कठिनाईयों से सम्बन्धित एक क्रियात्मक शोध।
- स्वनिर्मित षिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण व प्रयोग।
- संस्कृत में निबन्ध/पत्र लेखन।
- संस्कृत में वाद–विवाद प्रतियोगिता तथा अभिलेखीकरण।
- विभिन्न संस्कृत ग्रन्थों/कृतियों/रचनाकारों पर चार्ट/प्रस्तुतीकरण तैयार करना।

सेमेस्टर–1

सामान्य विषय–1

ऊर्दू

مرحلہ (اوّل)

مقصد

- اردو زبان کی اہمیت سے واقفیت حاصل کرکے بچوں میں اردو زبان کی دلچسپی پیدا کرنا۔
- اردو زبان سے متعلق صلاحیتوں (سننا، بولنا، پڑھنا، لکھنا) میں خود مہارت حاصل کرنا اور بچوں کو بھی اس سے واقف کرانا۔
- اردو زبان کے طریقۂ تعلیم، اُسکے محاسبہ اور تجزیہ کے طریقوں سے متعارف ہونا۔

نظریاتی جلقہ

- اسکولی نصاب میں اردو زبان کی اہمیت
- اردو تدریس کا مقصد
- اردو تدریس کے طریقے
- اردو پڑھانے میں دلچسپی پیدا کرنے کے لئے موثر اور کامیاب تعلیم کے پیشِ نظر معاون اشیاء کا استعمال اور سرگرمیاں۔

مندرجہ ذیل عنوانات سے متعلق درجہ میں تدریس اور محاسبہ

فنّی مہارتیں

- سننا۔ مطلب واُسکی اہمیت ۔ کہانی، گفتگو، گانے اور نظم وغیرہ کے ذریعہ سننے کی صلاحیت کو فروغ دینا۔
- بولنا۔ معنی واہمیت۔ بولنے میں مہارت حاصل کرنے کے لئے کہانی، گفتگو، سوال جواب تلفظ اور تلفظ میں اصلاح۔
- پڑھنا۔ معنی اور اُسکی اہمیت۔ پڑھنے میں مہارت حاصل کرنے کے لئے حروف شناسی اور حروف پر اعراب لگا کر تلفظ سکھانا، چھوٹی چھوٹی عبارتیں، نظمیں، کہانیاں اور مضمون سمجھکر پڑھنا۔
- لکھنا۔ معنی اور اُس کی اہمیت، خوشخطی کے لئے قلم پکڑنے کا طریقہ، حروف کی بناوٹ

حروف کی مختصر شکلیں، اُن پر اعراب لگانا، نقل نویسی، املا، کہانیاں اور نظمیں وغیرہ خوشخط لکھنا۔

مرحلہ وار عملی کام

- اردو کے اسباق پڑھانے کے لئے منصوبۂ سبق (پرائمری سطح) کا نمونہ تیار کرنا۔
- اردو درس و تدریس میں آنے والی مشکلات پر عملی تحقیق۔
- تدریسِ اردو کے لئے دلچسپ معاون اشیاء تیار کرنا۔

सेमेस्टर–3

सामान्य विषय–3

ऊर्दू

مرحلہ (سوم)

مقصد

- اردو زبان کی اہمیت سے واقفیت حاصل کرکے بچوں میں دلچسپی پیدا کرنا۔
- اردو زبان سے متعلق صلاحیتوں (سننا، بولنا، پڑھنا، لکھنا) میں خود مہارت حاصل کرنا اور بچوں کو بھی اس سے واقف کرانا۔
- اردو زبان کے طریقۂ تعلیم اُس کے محاسبہ اور تجزیہ کے طریقوں سے متعارف ہونا۔

نظریاتی حصّہ

- اردو زبان کی اہمیت۔
- ہندوستانی تہذیب کی ترقی و نشوونما میں اردو زبان کی خدمات۔
- قومی و انسانی قدروں کی ترقی میں اردو زبان کی خدمات۔

مندرجہ ذیل عنوانات سے متعلق درجہ میں تدریس اور تجزیہ

- اردو ادب کی تاریخ
- تدریسِ نثر۔ مقصد و اہمیت۔ تدریسِ نثر کی مشق۔ کہانی و ڈراموں کے اسباق پر خاص توجہ دینے کی ضرورت۔
- تدریسِ نظم۔ مقصد و اہمیت۔ طلباء کو اوزان والے اشعار اور آزاد نظم سے متعارف کرانا اور اُن میں شعر فہمی کا شعور بڑھانا۔
- زبانی لیاقت میں اضافہ کرنا۔ تقریر۔ مکالمہ۔ بحث و مباحثہ۔ بیت بازی اور مشاعرے کا اہتمام کرانا۔

مرحلہ وار افعال

- مضمون نویسی۔ خطوط نویسی۔ کہانی مجموعہ۔ محاوروں کا جملوں میں استعمال
- ۱ سے ۱۰۰ تک اعداد کا علم
- اردو نثر، نظم و تدریسِ قواعد کے (پرائمری/اپر پرائمری سطح) منصوبۂ سبق تیار کرنا۔

—

अंग्रेजी

Objectives

The goal of this course is to build confidence in Trainee-teachers to use the Language freely and develop strategies for young learners based on pedagogic principles.

Trainee-teachers:

- To enable trainee teacher to understand composition, nature and classroom transaction of English language.
- To enable trainee teacher to understand subject content of English language.
- To make trainee teacher able to prepare TLM for teaching various components of content of English.
- To train trainee teacher to present content material in an interesting way and use of ICT.
- To make trainee teacher able to teach the content through various educational softwares/language games/applications.
- To train trainee teacher on CCE of English language learning and pronunciation.

प्रशिक्षण प्रक्रिया / विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–2

सामान्य विषय–2

अंग्रेजी

1. **Theoretical Aspects -**
   - Different approach and methods of teaching English.
   - Bilingual apporach.
   - Dr. West's new Method.
   - Audio-video method.
   - Language games.
2. **Classroom Teaching: Content**
   - English in our daily lives:-
     - Some general Greetings
     - Introducing English alphabet with relevant names of animals, birds, flowers, fruits, vegitables, plants etc.
     - Number names (1-100)
   - Oral practice of simple sentences prescribed for Standard. 3, 4 & 5.
   - Recitation of Nursery rhymes and poem with a rhythm & intonations.
   - Writing practices:
     - Penmanship (hand writing)
     - Words (spelling)
   - Grammar
     - Sentences : Kinds and Parts of a sentence
     - Punctuation
     - Determiners of Noun: Article
   - Conversational
     - Class room instructions
     - Self-introduction
   - Pronunciation: Practice of reading Simple sentences using correct Phonemes, Syllable, and stress (from text books of Standard. 3, 4 & 5).
4. **Content specifications**
   - Viva-voce
     - Self-introduction
     - Description (of a given Picture/ Landscape)
     - Narration
     - Extempore story writing on any one of the topics given.
   - Vocabulary of 750 words(prescribed for Std. 3-8).
   - Story teaching: Steps of story teaching.
   - Grammar
     - Noun: Kinds and Gender.
     - Determiners of noun:
       - Possessives (My, Our, Your, His, Her, Its etc.)
       - Demonstrative (This, That, These, Those)
       - Distributive (Each, Every, Either, Neither)
       - Determiners of number/quantity (few, some, much)
     - Pronoun.
     - Adjectives & degree of comparisons.
     - Verb: Use of Verb in present, past and future.
   - Sentences : Transformation of sentences
     - Affirmative to negative sentences

- Assertive to interrogative sentences
- Active/Passive voice
- Common errors in
  - Noun and number
  - Articles
  - Verb
  - Adjective degrees
  - Spellings



कला

उद्देश्य

- प्रशिक्षु को कक्षा–शिक्षण के आधारभूत सिद्धान्तों से परिचित कराना।
- प्रशिक्षु को बच्चों में कला के प्रति रुचि उत्पन्न करने का प्रशिक्षण देना।
- कला की विविध विधाओं एवं विषयवस्तु की समझ विकसित करना।
- कला शिक्षा द्वारा आनन्द की अनुभूति कराना।
- कला शिक्षा द्वारा संवेदनषीलता एवं सौन्दर्यबोध की अन्तर्दृष्टि विकसित कराना।
- कला शिक्षा को जीवनचर्या एवं अन्य विषयों के साथ समाहित करने का कौषल विकसित करना।
- प्रशिक्षुओं में कला शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीयता, मानवता, भावात्मक एकता तथा नैतिकता विकसित करने में प्रशिक्षित करना।
- प्रशिक्षुओं को इस प्रकार से प्रशिक्षित करना कि वह बच्चों में कला की विविध विधाओं के प्रति झिझक को समाप्त कर सके।
- प्रशिक्षु को बच्चों में सृजनशीलता को विकसित करने की गतिविधियाँ/कार्य सिखाना।
- कला का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन करने का प्रशिक्षण देना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–1, 2, 3 व 4

सामान्य विषय–1, 2, 3 व 4

कला

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- दृश्यकला
  - स्वतंत्र भाव प्रकाषन, सौन्दर्यानुभूति, रंगों का ज्ञान, रेखाओं का ज्ञान, आकार–प्रकार का ज्ञान देना।
- हस्तकला
  - अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण, कोलाज निर्माण, मिट्टी के खिलौने बनवाना।
  - चित्रकला के विभिन्न तरीकों एवं सामग्री का प्रयोग जैसे–पोस्टर, कलर, वाटर कलर, पेन्सिल एवं रबड़, पेन एवं स्याही आदि।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को कला के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- विद्यालय तथा घर की साज–सज्जा हेतु सामग्री।
- हस्तकला के विभिन्न तरीकों–कोलाज, मिट्टी के सामान, पेपर कटिंग, पेपर फोल्ड, चूड़ियों से विभिन्न सजावटी सामान, वाल हैंगिंग, लिफाफे आदि का निर्माण।
- विभिन्न अवसरों पर चित्रकला, हस्तकला, मेंहदी, रंगोली, अल्पना आदि प्रतियोगिता करना।
- मिट्टी के खिलौने, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं को बनाना।

शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य

उद्देश्य

- प्रशिक्षु को स्वास्थ शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराना।
- प्रशिक्षु को विभिन्न खेल एवं उनके नियमों की जानकारी देना।
- प्रशिक्षु को इस प्रकार से प्रशिक्षित करना कि वह बच्चों में विभिन्न खेलों के प्रति झिझक को समाप्त कर सके।
- विभिन्न खेलों में बच्चों के सतत् मूल्यांकन करने में सक्षम करना।
- खेलकूद के माध्यम से स्वास्थ्य, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–1, 2, 3 व 4

सामान्य विषय–1, 2, 3 व 4

शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

स्वास्थ्य शिक्षा

- स्वास्थ्य शिक्षा का अर्थ, क्षेत्र एवं उद्देष्य, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक, बच्चों की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, स्वास्थ्य केन्द्रों की भूमिका, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और उसका अनुश्रवण, संक्रामक रोग एवं टीकाकरण, पोलियो एवं एड्स जैसी घातक बीमारियों के बचाव हेतु जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम।
- व्यक्तिगत स्वच्छता एवं षिक्षकों द्वारा नियमित निरीक्षण।
- विद्यालयीय स्वच्छता।
- प्राथमिक चिकित्सा एवं विभिन्न दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा का महत्व।
- रेडक्रॉस: रेडक्रॉस का परिचय एवं उपयोगिता

शारीरिक शिक्षा

- खेल, व्यायाम तथा योग
- शरीर को वॉर्मअप करने वाली क्रियाएं यथा–इधर उधर दौड़ना।
- हाथ–पैर, धड़ का व्यायाम। कौषल के अभ्यास हेतु लम्बी कूद, ऊँची कूद, जिमनास्टिक, मार्चिंग, गेंद एवं रस्सी कूद से सम्बन्धित क्रियाएं।
- विभिन्न प्रकार की दौड: 10 मी0, 200 मी0, 400मी0, 600मी0, 800मी0 की दौड़, रिले दौड़, बाधा दौड़।
- ध्यान एवं विभिन्न प्रकार के योगासन एवं प्राणयाम यथा–भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी और उद्गीथ तथा उनके लाभ। लेजिम एवं डम्बल द्वारा किये जाने वाले व्यायाम।
- विभिन्न प्रकार के थ्रो: गोला फेंक, चक्का फेंक।
- खेल:
  - कबड्डी, खो–खो, फुटबाल, हॉकी, बॉलीवाल, बैडमिंटन।
  - अमरूद दौड़, छुआ छुअव्वल, एक टांग पर दौड़, चूहा–बिल्ली, गेंद–तड़ी, छाया–पकड़।
- **स्काउटिंग/गाइडिंग**
  - स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन बनने सम्बन्धित दक्षताओं हेतु प्रथम एवं द्वितीय सोपान परीक्षा।
  - कब/बुलबुल, बालवीर/वीरबाला प्रवेष एवं विकास क्रम।
  - कब/बुलबुल, प्रथम चरण–कोमल पंख।
  - कब/बुलबुल, द्वितीय चरण–रजत पंख।
  - कब/बुलबुल, तृतीय चरण–स्वर्ण पंख।
  - कब/बुलबुल, चतुर्थ चरण–हीरक पंख।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा

सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- प्रार्थना स्थल पर कराने के लिए नित्य सामुदायिक/राष्ट्रभक्ति गीतों का संकलन तैयार करना।
- शारीरिक व्यायाम एवं योगासनों की तैयारी एवं प्रदर्षन कराना तथा अभिलेखीकरण करना।
- प्रशिक्षु शिक्षक विभिन्न प्रकार के खेलों में से एक खेल का चयन प्रति सेमेस्टर करेगा तथा उस पर अपनी आख्या प्रस्तुत करेगा।
- सार्वजनिक स्थानों यथा–रेलवे स्टेषन, बस स्टैण्ड, मेलों में श्रमदान (समाज सेवा का कार्य) करना जैसे पानी पिलाना व शांति व्यवस्था बनाये रखना।
- वृक्षारोपण करना, दीवारों पर सद्वाक्य लिखना तथा जन जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- विभिन्न प्रकार के योगासनों पर चार्ट/मॉडल तैयार करना।
- विभिन्न प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों पर मॉडल/चार्ट आदि तैयार करना।

संगीत

उद्देश्य

- प्रशिक्षु को लय, गति, यति, आरोह–अवरोह का ज्ञान कराना।
- प्रशिक्षु को बच्चों में संगीत के प्रति रुचि उत्पन्न करने का प्रशिक्षण देना।
- संगीत की विविध विधाओं एवं विषयवस्तु की समझ विकसित करना।
- संगीत के माध्यम से आनन्द की अनुभूति कराना।
- संगीत शिक्षा द्वारा संवेदनशीलता की अन्तर्दृष्टि विकसित कराना।
- प्रशिक्षुओं में संगीत शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीयता, मानवता, भावात्मक एकता तथा नैतिकता विकसित करने में प्रशिक्षित करना।
- प्रशिक्षुओं को इस प्रकार से प्रशिक्षित करना कि वह बच्चों में संगीत की विविध विधाओं के प्रति झिझक को समाप्त कर सकें।
- प्रशिक्षु को बच्चों में गीत/संगीत को विकसित करने की गतिविधियाँ/क्रिया–कलाप सिखाना।
- संगीत का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन करने का प्रशिक्षण देना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सेमेस्टर–1, 2, 3 व 4

सामान्य विषय–1, 2, 3 व 4

संगीत

कक्षा–शिक्षण: विषयवस्तु

- संगीत के परिभाषिक शब्द–स्वर, स्वरों के प्रकार, नाद, आरोह, अवरोह, पकड, आलाप, लय, लय के प्रकार आदि का ज्ञान।
- संगीत गायन में सहायक तालों का ज्ञान यथा – तीनताल, झपताल, रूपकताल, कहरवा ताल, दादरा, एकताल व चारताल का परिचयात्मक ज्ञान।
- संगीत–वन्दना, भजन, स्थानीय लोकगीत, ऋतुओं एवं मौसम सम्बन्धी गीत, राष्ट्रीय एकता (देशगान, राष्ट्रगान) सम्बन्धी गीतों का ज्ञान।
- भारतीय संगीतज्ञों का जीवन परिचय।
- त्य/नाटक–लोकनृत्य, स्थानीय नृत्य, भावनृत्य, समसामयिक समस्याओं से, पाठ्यवस्तु से एवं देषभक्ति से सम्बन्धित नाटक करवाना।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल: प्रशिक्षु शिक्षकों को संगीत के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।

- विभिन्न अवसरों पर गाये जाने वाले गीतों का संकलन करना।
- विभिन्न सामाजिक तथा सांस्कृतिक अवसरो पर गाये जाने वाले गीतों का संकलन।
- विभिन्न प्रकार के नृत्यों का एलबम तैयार करना।
- विभिन्न प्रकार के लोकनृत्यों पर चार्ट/मॉडल/वीडियो क्लिप तैयार करना।
- विभिन्न प्रकार के लोकगीतों पर चार्ट/मॉडल/वीडियो/ऑडियो क्लिप तैयार करना।
- विभिन्न प्रकार के वाद यंत्रों का एलबम तैयार करना।

इण्टर्नशिप

बी0टी0सी0 (द्विवर्षीय) प्रषिक्षण कार्यक्रम चार सेमेस्टर में सम्पन्न किया जाएगा। प्रत्येक सेमेस्टर छः माह का होगा। एक माह (30 प्रशिक्षण दिवस) का इण्टर्नषिप कार्यक्रम सभी सेमेस्टर्स में किया जाना है। इण्टर्नषिप के अन्तर्गत प्रषिक्षु डायट/संस्थान के निर्देषन में प्रत्येक सेमेस्टर के अन्तिम एक माह में प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जाएंगे तथा विद्यालय के समस्त शैक्षिक क्रियाकलापों का अध्ययन करेंगे, विद्यालय में कक्षा–षिक्षण, क्रियात्मक शोध, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों एवं षिक्षक–संदर्षिकाओं का प्रयोग करना सीखेंगे, साथ ही पाठ्यसहगामी क्रियाकलाप, सामुदायिक सहभागिता, शैक्षिक नवाचार, विद्यालय सहयोगी समितियों की बैठकों, विद्यालय अभिलेखों के रख–रखाव आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

डायट/संस्थान प्रत्येक प्रशिक्षु को एक सेमेस्टर में 15–15 दिवस के लिए अधिकतम दो विद्यालय आवंटित कर सकता है। इण्टर्नशिप के दौरान प्रशिक्षु को 15–15 दिन के अंतराल में दो बार डायट/संस्थान में आकर आवंटित विद्यालय में किये गये शैक्षिक कार्यों का प्रस्तुतीकरण करना होगा।

सेमेस्टरवार प्रशिक्षु शिक्षक को विद्यालय में किन–किन बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करना है तथा किन–किन पर उसका मूल्यांकन इण्टर्नशिप के दौरान किया जाना है, निम्नवत् है –

प्रथम सेमेस्टर में प्रशिक्षु शिक्षक को आवंटित विद्यालयों में विद्यालय परिवेश, बच्चों, शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर, विद्यालयों में निम्न गतिविधि करनी होगी –

क्रम संख्या	प्रथम सेमेस्टर (इण्टर्नशिप) विषय	कार्य संख्या
1	कक्षावलोकन (शिक्षण विधि)	10
2	छात्रों का पूर्व ज्ञान अध्ययन	10
3	प्रयोग किये जा रहे टी0एल0एम0 का विवरण एवं समालोचना	10
4	रेमेडियल टीचिंग विधि एवं समालोचना	10
5	विद्यालय की प्रोफाइल तैयार करना: विद्यालयी भौतिक संसाधनों की स्थिति समालोचना	10
6	शैक्षिक गतिविधियों का क्रियान्वयन एवं अभिलेखीकरण	10
7	विद्यालयी अभिलेखों का विवरण, रख–रखाव, समालोचना	10
8	विद्यालयी अभिलेखों को तैयार करना	10
9	पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों का विवरण एवं समालोचना	10
10	सामूदायिक सहभागिता की स्थिति/एस0एम0डी0सी0 की स्थिति एवं उसकी समालोचना	10

द्वितीय सेमेस्टर में प्रशिक्षु शिक्षक को आवंटित विद्यालयों में विद्यालय परिवेश, बच्चों, शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर, विद्यालयों में निम्न गतिविधि करनी होगी –

क्रम संख्या	द्वितीय सेमेस्टर (इण्टर्नशिप) विषय	पाठयोजना संख्या
1	कलरव कक्षा–1 व 2	10
2	गिनतारा कक्षा–1 व 2	10

तृतीय सेमेस्टर में प्रशिक्षु शिक्षक को आवंटित विद्यालयों में विद्यालय परिवेश, बच्चों, शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर, विद्यालयों में निम्न गतिविधि करनी होगी –

क्रम संख्या	तृतीय सेमेस्टर (इण्टर्नशिप) विषय	पाठयोजना संख्या
1	विज्ञान (कक्षा–3, 4 व 5)	03
2	सामाजिक अध्ययन (कक्षा–3, 4 व 5)	03
3	गणित (कक्षा–3, 4 व 5)	03
4	हिन्दी (कक्षा–3, 4 व 5)	03
5	अंग्रेजी (कक्षा–3, 4 व 5)	03
6	संस्कृत/उर्दू (कक्षा–3, 4 व 5)	03
7	कम्प्यूटर (कक्षा–3, 4 व 5)	02
	योग	**20**

चतुर्थ सेमेस्टर में प्रशिक्षु शिक्षक को आवंटित विद्यालयों में विद्यालय परिवेश, बच्चों, शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर, विद्यालयों में निम्न गतिविधि करनी होगी –

क्रम संख्या	चतुर्थ सेमेस्टर (इण्टर्नशिप) विषय	पाठयोजना संख्या
1	विज्ञान (कक्षा–6, 7 व 8)	02
2	इतिहास और नागरिक जीवन (कक्षा–6, 7 व 8)	02
3	गणित (कक्षा–6, 7 व 8)	02
4	हिन्दी (कक्षा–6, 7 व 8)	02
5	अंग्रेजी (कक्षा–6, 7 व 8)	02
6	संस्कृत/उर्दू (कक्षा–6, 7 व 8)	02
7	कम्प्यूटर (कक्षा–6, 7 व 8)	02
8	शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य, कला एवं संगीत (कक्षा–6, 7 व 8)	02
9	पृथवी और हमारा जीवन	02
10	समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (कक्षा–6, 7 व 8)	02
	योग	**20**

इन्टर्नशिप में अंक प्रदान करने हेतु मार्गदर्शक प्रपत्र

प्रत्येक समेस्टर में 200 अंक इन्टर्नशिप के होंगे, जिनमें से 50 प्रतिशत अंक(100 अंक) सम्बन्धित विद्यालय (इन्टर्नशिप हेतु आवंटित) के प्रधानाध्यापक द्वारा दिये जायेंगे तथा 50 प्रतिशत अंक(100 अंक) सम्बन्धित संस्था द्वारा दिये जायेंगे।

क्र0 सं0	प्रकरण	
1	**इण्टर्नशिप (प्रथम सेमेस्टर)**	
	विद्यालय का अवलोकन एवं अध्ययन	50 प्रतिशत अंक
1.1	कक्षावलोकन (शिक्षण विधि)	
1.2	छात्रों की प्रोफाइल तैयार करना एवं छात्रों का पूर्व ज्ञान अध्ययन	
1.3	प्रयोग किये जा रहे टी0एल0एम0 का विवरण एवं समालोचना	
1.4	रिमेडियल टीचिंग विधि एवं समालोचना	
1.5	विद्यालय की प्रोफाइल तैयार करना एवं भौतिक संसाधनों की स्थिति समालोचना	
1.6	शैक्षिक गतिविधियों का क्रियान्वयन एवं अभिलेखीकरण	
1.7	विद्यालयी अभिलेखों का विवरण, रखरखाव, समालोचना	
1.8	विद्यालयी अभिलेखों को तैयार करना	
1.9	पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों का विवरण एवं समालोचना	
1.10	सामूदायिक सहभागिता की स्थिति/एस0एम0डी0सी0 की स्थिति एवं उसकी समालोचना	
2	**इण्टर्नशिप (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर हेतु)**	50 प्रतिशत अंक
2.1	छात्रो की प्रोफाइल तैयार करना एवं छात्रों के पूर्व ज्ञान का अध्ययन (पाठ के लिये आवश्यक)	
2.2	पाठ योजना निर्माण	
2.2.1	**(i)** निर्धारित विषय वस्तु	
2.2.2	**(ii)** अवधारित शिक्षण विधि	
2.2.3	**(iii)** निर्मित टी0एल0एम0	
2.2.4	**(iv)** मूल्यांकन प्रपत्र	
2.2.5	**(v)** उपचारत्मक शिक्षण हेतु तैयार की गयी विधा यथा मॉडल, खेल, ...	
2.3	**(vi)** पाठ योजना प्रस्तुतीकरण	
2.4	**(vii)** बच्चों की सहभागिता	
2.5	**(vii)** अभ्यास कार्य	
3	**संस्थान स्तर पर इंटर्नशिप का मूल्यांकन**	50 प्रतिशत अंक
3.1	1. प्रस्तुतीकरण	
3.2	2. प्रस्तुत अभिलेखों	
3.2.1	2.1 टी0एल0एम0	
3.2.2	2.2 मूल्यांकन प्रपत्र	
3.2.3	2.3 उपचारात्मक शिक्षा	
3.2.4	2.4 अभ्यासकार्य	

परिशिष्ट–1

प्रशिक्षण के नियम

बी0टी0सी0 प्रशिक्षण, पूर्णकालिक सेवापूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) के प्राविधानों के अन्तर्गत संचालित किया जाता है। प्रशिक्षण की प्रभावी व्यवस्था हेतु योजना बद्ध कार्यवाही का प्रावधान है। प्रशिक्षण हेतु निम्नवत् नियम निर्धारित है। उक्त नियम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से मान्यता के उपरान्त प्रदेश शासन से सम्बद्धता प्राप्त निजी संस्थानों में लागू होंगे।

1. **समयावधि**
   - बी0टी0सी0 दो वर्षीय नियमित प्रशिक्षण है। बी0टी0सी0 प्रशिक्षण के प्रत्येक वर्ष में दो सेमेस्टर निर्धारित है, जिनकी अवधि 6–6 माह है।
   - प्रत्येक समेस्टर में न्यूनतम 120 प्रशिक्षण कार्यदिवस निर्धारित है। निर्धारित प्रषिक्षण दिवस में परीक्षा एवं प्रवेश की अवधि सम्मिलित नहीं है।
   - प्रशिक्षण अनावासीय है।
2. **अनुशासनः– प्रत्येक संस्थान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए अपने संस्थान की एक अनुषासन व्यवस्था तैयार करेंगें।**
   - प्रत्येक कार्य दिवस की अवधि प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक है, जिसमे 30 मिनट का भोजनावकाश निर्धारित किया जायेगा।
   - संस्थान द्वारा एक अनुशासन समिति का गठन किया जायेगा।
   - समय से आगमन– प्रस्थान संस्थान में शिष्ट आचरण, प्रशिक्षण कक्ष में निर्देशानुसार कार्यवाही, प्रार्थना सभा, कक्षा–शिक्षण एवं अन्य निदिष्ट कार्य में अनुशासित आचरण करना प्रत्येक प्रशिक्षु हेतु आवश्यक है।
3. **गणवेशः– प्रत्येक संस्थान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए अपने संस्थान के प्रषिक्षुओं हेतु गणवेष एवं इस हेतु आवष्यक नियम निर्धारित करेंगें।**
4. **अवकाशः–** प्रशिक्षु को प्रशिक्षण अवधि में निम्नवत् अवकाश दिया जा सकता है।
   - प्रषिक्षु को आकस्मिक परिस्थितियों की दषा में प्रत्येक सेमेस्टर में 10 दिन का अवकाश दिया जा सकता है। इस अवकाश हेतु प्रशिक्षु को ससमय प्रार्थना पत्र कक्षाध्यापक/कक्षाध्यापिका के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। कक्षाध्यापक/ कक्षाध्यापिका द्वारा उपस्थिति पंजिका में संबंधित प्रशिक्षु के नाम के सन्मुख उक्त अवकाश की प्रविष्टि की जायेगी तथा इस आशय का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा ।
   - गम्भीर बीमारी अथवा अन्य किसी अपरिहार्य कारण से अनुपस्थिति होने की दशा में प्रशिक्षु को अधिकतम 20 दिन का विशेष अवकाश, प्राचार्य डायट की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रशिक्षु के प्रार्थना पत्र पर सन्यक विचारोपरान्त दिया जा सकता है। चिकित्सा प्रमाण पत्र जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना अनिवार्य है, अन्य अपरिहार्य कारणों की दषा में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

- **उपस्थितिः–** प्रत्येक सेमेस्टर में प्रशिक्षु को न्यूनतम 75 प्रतिशत प्रशिक्षण कार्यदिवसों में उपस्थिति होना अनिवार्य है। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर प्रशिक्षु संदर्भित सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा।

5. **पुनः नामांकन**

- यदि प्रशिक्षु बिना किसी सूचना के 6 दिन तक लगातार अनुपस्थित रहता है तो इसकी सूचना संबधित प्रशिक्षु के माता–पिता/अभिभावक को पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ई–मेल के माध्यम से भेजी जायेगी। संस्थान द्वारा जारी पत्र में निर्धारित/उल्लिखित तिथि (जो कि 10 दिन होगी) तक उपस्थित न होने पर प्रशिक्षु को प्रशिक्षण से पृथक कर दिया जायेगा तथा प्रशिक्षण से पृथक किये जाने की सूचना संबंधित प्रशिक्षु को पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।
- सामान्यतः किसी भी दशा में प्रशिक्षु के पुनः प्रवेश की व्यवस्था नहीं है।
- किसी सेमेस्टर में 75 प्रतिशत प्रशिक्षण दिवसों में उपस्थिति पूर्ण न होने पर सम्बन्धित प्रशिक्षु को उस सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

  इस स्थिति में प्रशिक्षु को अगले बैच के उसी सेमेस्टर में पुनः प्रवेश का एक अवसर प्रदान किया जायेगा। पुनः प्रवेश की दशा में प्रशिक्षु द्वारा निर्धारित पुनः प्रवेश शुल्क देना होगा। यह सुविधा प्रशिक्षु को बी0टी0सी0 प्रशिक्षण के दौरान केवल एक बार दी जायेगी।

6. **परीक्षा**

- बी0टी0सी0 का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 4 सेमेस्टर में विभाजित होगा। प्रत्येक सेमेस्टर की सेमेस्टर अवधि पूर्ण होने पर प्रशिक्षु का मूल्यांकन, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा निर्धारित प्रकिया अनुसार किया जायेगा।
- प्रत्येक सेमेस्टर की अवधि 6 माह है। 6 माह की अवधि पूर्ण होने के बाद अगले सेमेस्टर की कक्षाएं सम्बन्धित संस्थान द्वारा स्वतः प्रारम्भ कर दी जायेंगी।
- परीक्षा संस्था शैक्षिक विषयों एवं शैक्षिक गतिविधियों के मूल्यांकन की प्रकिया निम्न बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित की जायेगी।
- प्रत्येक सेमेस्टर में प्रशिक्षु का मूल्यांकन लिखित परीक्षा, यूनिट टेस्ट, प्रोजेक्ट/मॉडल, इन्टर्नशिप के माध्यम से किया जायेगा।
- किसी भी सेमेस्टर में उत्तीर्ण होने के लिये प्रशिक्षु को प्रत्येक विषय के वाह्य मूल्यांकन में 50 प्रतिशत अंक तथा आंतरिक मूल्यांकन में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। प्राप्त अंको के आधार पर प्रशिक्षुओं को ग्रेड दिये जायेगें।
- संस्थान द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षु की प्रोफाइल तैयार की जायेगी, जिसमें छात्र के दैनिक व्यवहार, आचरण, अनुशासन एवं नियमों के आधार पर विस्तृत टिप्पणी

विषय शिक्षक, कक्षा शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक (इन्टर्नशिप के विद्यालय) द्वारा की जायेगी तथा आंतरिक मूल्यांकन के समय उक्त टिप्पणी को संज्ञान में लिया जा सकता है।

- प्रत्येक प्रश्नपत्र में आंतरिक मूल्यांकन के 50 प्रतिशत अंक होंगे, जिसमें 20 प्रतिशत अंक प्रोजेक्ट तथा सत्रीय कार्य हेतु तथा 30 प्रतिशत अंक विषयों की आन्तरिक लिखित परीक्षा (यूनिट टेस्ट–प्रति माह एक तथा सेमेस्टर में तीन होंगे।) के लिए निर्धारित है।
- उक्त के अतिरिक्त प्रत्येक समेस्टर में 200 अंक इन्टर्नशिप के होंगे, जिनमें से 100 अंक सम्बन्धित विद्यालय (इन्टर्नशिप हेतु आवंटित) के प्रधानाध्यापक द्वारा दिये जायेंगे तथा 100 अंक सम्बन्धित संस्था द्वारा दिये जायेंगे। आंतरिक एवं वाह्य मूल्यांकन कक्षा अवलोकन (पूर्व ज्ञान के सम्बन्ध में), पाठ योजना तैयार करने, शिक्षण विधि, टी0एल0एम0 प्रयोग, मूल्यांकन प्रपत्र (छात्रों का), रिमेडियल शिक्षण हेतु अपनायी गयी विधि एवं अनुशासन के आधार पर किया जायेगा।
- आंतरिक मूल्यांकन में अर्जित अंकों के आधार पर प्रशिक्षुओं को ग्रेडिंग प्रदान की जायेगी, जिसमें यह ध्यान रखा जायेगा कि 40 प्रतिशत से अधिक तथा 20 प्रतिशत से कम प्रशिक्षुओं को एक ही ग्रेड न दिया जाये। यदि आंतरिक मूल्यांकन में अन्यथा स्थिति पायी जाती है, तो ऐसी संस्था का आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा नामित पैनल द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार प्रशिक्षुओं को ए, बी, सी एवं डी ग्रेड दिया जा जायेगा, जिनका गुणांक क्रमशः 10, 8, 6, फेल होगा।
- वाह्य एवं आंतरिक परीक्षा में अर्जित किये गये अंकों/ग्रेड को एक ही अंकपत्र में अंकित किया जायेगा।
- प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर में प्रत्येक सेमेस्टर की परीक्षा के उपरान्त अलग–अलग अंकपत्र दिये जायेंगे। चतुर्थ सेमेस्टर के अंकपत्र में पिछले तीनों सेमेस्टर की परीक्षा में प्राप्त विषयवार ग्रेड का भी अंकन किया जायेगा। चारों सेमेस्टरों के विषयवार ग्रेड के आधार पर प्रशिक्षु को ग्रेड प्रदान किया जायेगा।
- प्रत्येक सेमेस्टर में विषयवार कम से कम एक प्रोजेक्ट का निर्माण, शोध करना और उसका प्रस्तुतीकरण। प्रोजेक्ट कार्य/टी0एल0एम0 का आंकलन/मुल्यांकन निम्नांकित बिन्दुओं के सापेक्ष किया जाएगा–

  प्रोजेक्ट– विषयवस्तु, प्रासंगिकता (कक्षा स्तर एवं विषय के अनुसार), प्रारूप, सामग्री संकलन, प्रस्तुतीकरण, विश्लेषणात्मक अध्ययन

  टी0एल0एम0– विषयवस्तु, प्रासंगिकता (कक्षा स्तर एवं विषय के अनुसार), परिवेशीय/टिकाऊ, उपयोगिता, विस्तार की स्थिति (**multidimensional**) (सम्बन्धित एवं अन्य विषयों में), विषयवस्तु के सापेक्ष प्रस्तुतीकरण

  इसी प्रकार प्रोजेक्ट कार्य के अन्तर्गत कराये जाने वाले अन्य कार्यों पर भी आंकलन के बिन्दु निर्धारित कर मूल्यांकन किया जाएगा।प्रत्येक सेमेस्टर में विषयवार कम से कम एक प्रोजेक्ट का निर्माण, शोध करना और उसका प्रस्तुतीकरण। प्रोजेक्ट

कार्य/टी0एल0एम0 का आंकलन/मुल्यांकन निम्नांकित बिन्दुओं के सापेक्ष किया जाएगा।

1	**यूनिट टेस्ट** – प्रत्येक विषय में विषय अध्यापक द्वारा प्रत्येक माह पढ़ाये गये/दिये गये प्रशिक्षण से सम्बन्धित एक लिखित परीक्षा ली जाएगी। इस प्रकार कुल तीन परीक्षाएँ ली जाएंगी।	30 प्रतिशत अंक
2	**प्रोजेक्ट कार्य**	
	(a) प्रत्येक सेमेस्टर में विषयवार कम से कम एक प्रोजेक्ट का निर्माण, एक शोध करना और उसका प्रस्तुतीकरण।	20 प्रतिशत
	(b) विषय कला एवं संगीत, समाज उपयोगी उत्पादक कार्य, खेल कूद, में किसी एक गतिविधि निर्माण/कार्य/प्रतिभाग करना होगा।	

सेमेस्टरवार प्रश्न पत्र एवं अंक विभाजन

प्रथम सेमेस्टर

प्रश्न पत्र	पूर्णांक			उत्तीर्णांक	
	बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन	योग	बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन ग्रेड
प्रथम बाल विकास	50	50	100	25	सी
द्वितीय शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त	50	50	100	25	सी
तृतीय विज्ञान	25	25	50	12	सी
चतुर्थ गणित	25	25	50	12	सी
पंचम सामाजिक अध्ययन	50	50	100	25	सी
षष्ठम हिन्दी	25	25	50	12	सी
सप्तम संस्कृत/उर्दू	25	25	50	12	सी
नवम कम्प्यूटर शिक्षा	25	25	50	12	सी
अष्टम शारीरिक शिक्षा, स्वास्थय, कला एवं संगीत		50	50		सी
इण्टर्नशिप भाग–क बाह्य मूल्यांकन भाग–ख आन्तरिक मूल्यांकन	100	100	200	50	सी
योग	375	425	800		

द्वितीय सेमेस्टर

प्रश्न पत्र	पूर्णांक			उत्तीर्णांक	
	बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन		बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन
प्रथम वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा	50	50	100	25	सी
द्वितीय प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास	50	50	100	25	सी
तृतीय विज्ञान	25	25	50	12	सी
चतुर्थ गणित	25	25	50	12	सी
पंचम सामाजिक अध्ययन	50	50	100	25	सी
षष्ठम हिन्दी	25	25	50	12	सी
सप्तम अंग्रेजी	25	25	50	12	सी
अष्टम समाजोपयोगी उत्पादक कार्य		50	50		सी
नवम शारीरिक शिक्षा, स्वास्थय, कला एवं संगीत	25	25	50	12	सी
इण्टर्नशिप भाग–क बाह्य मूल्यांकन भाग–ख आन्तरिक मूल्यांकन	100	100	200	50	सी
योग	350	450	800		

तृतीय सेमेस्टर

प्रथम शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध	50	50	100	25	सी
द्वितीय समावेशी शिक्षा	50	50	100	25	सी
